


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-200 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 18 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### खदान धंसने से महिला की मौत, एक घायल

**बलरामपुर,17 अक्टूबर।** जिले के वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। दिवाली के अवसर पर घर की पुताई के लिए छुहीमिट्टी (सफेद मिट्टी) एकत्र कर रही ग्रामीण महिलाओं पर खदान का ऊपरी हिस्सा अचानक भरभरा कर गिर पड़ा। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दो अन्य महिलाएं इस हादसे में बाल-बाल बच गईं। हादसे के बाद महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबे में दबी महिलाओं को बाहर निकाला। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक महिला की शिनाख्त और अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।

### सक्ती जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में रचा नया कीर्तिमान

**रायपुर, 17 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ के नवगठित सक्ती जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन में एक नया इतिहास रच दिया है। नवगठित जिला होने के बावजूद, सक्ती ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए वर्ष 2024-25 में 30 हजार 512 आवास पूर्ण कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल संख्यात्मक सफलता का प्रतीक है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन में आई स्थिरता, सुरक्षा और सम्मान की कहानी भी है, जिन्होंने वर्षों तक कच्चे और असुरक्षित मकानों में जीवन व्यतीत किया था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सक्ती जिले में अब तक वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 44 हजार 319 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया, जो 95ः लक्ष्य प्राप्ति दर्शाता है। वहीं, वर्ष 2024-25 में 30 हजार से अधिक मकान पूर्ण कर जिले ने मिशन मोड में कार्य का उदाहरण प्रस्तुत किया है। हर गरीब का पक्का घर राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता रही है । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में यह योजना प्रभावी ढंग से संचालित हुई। नियमित फील्ड विजिट, समयबद्ध वित्तीय सहायता, और हितग्राहियों के साथ सतत संवाद के परिणामस्वरूप यह उल्लेखनीय प्रगति संभव हुई।

### गुजरात कैबिनेट का विस्तार, 26 सदस्यों ने ली शपथ

**अहमदाबाद, 17 अक्टूबर।** गुजरात में शुक्रवार को सीएम भूपेंद्र पटेल की कैबिनेट का विस्तार हुआ। भूपेंद्र पटेल की कैबिनेट में कुल 26 नए सदस्यों ने शपथ ली। गुरुवार को गुजरात में सीएम को छोड़कर सभी मंत्रियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस कैबिनेट विस्तार में हर्ष सांघवी ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है। दरअसल, साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले गुजरात सरकार की कैबिनेट में हुई इस फेरबदल को अहम माना जा रहा है। शुक्रवार को सीएम भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात की। आइए आपको बताते हैं कि नई कैबिनेट में किस-किस जोन से किसे कैबिनेट में जगह मिली है? मंत्रिमंडल में स्वरूपजी ठाकोर, प्रवीणकुमार माली, रुशिकेश पटेल, दर्शना वाघेला, कुंवरजी बावलिया, रिवाबा जाडेजा, अर्जुन मोढवाडिया, परषोत्तम सोलंकी, जीतेन्द्र वाघानी, प्रफुल्ल पानशेरिया, हर्ष सांघवी और कनुभाई देसाई का नाम शामिल है। हर्ष सांघवी को राज्य का नया डिप्टी सीएम बनाया गया है। जीतू वाघाणी ने मंत्री पद की शपथ ली है। गुरुवार को गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर मंत्रिपरिषद के अन्य सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था।



# दण्डकारण्य के 210 माओवादी लौटे समाज की मुख्यधारा में

**जगदलपुर,17 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राज्य शासन की व्यापक नक्सल उन्मूलन नीति और शांति, संवाद एवं विकास पर केंद्रित सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप बस्तर संभाग में आज नक्सल विरोधी मुहिम को ऐतिहासिक सफलता मिली है। 'पूना मारगेम – पुनर्वास से पुनर्जीवन' कार्यक्रम के अंतर्गत दण्डकारण्य क्षेत्र के 210 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। यह आत्मसमर्पण विश्वास, सुरक्षा और विकास की दिशा में बस्तर की नई सुबह का संकेत है। लंबे समय से नक्सली गतिविधियों से प्रभावित अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर क्षेत्र में यह ऐतिहासिक घटनाक्रम नक्सल उन्मूलन अभियान के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ के रूप में दर्ज होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा अपनाई गई व्यापक नक्सल उन्मूलन नीति ने क्षेत्र में स्थायी शांति की मजबूत नींव रखी है। पुलिस, सुरक्षा बलों, स्थानीय प्रशासन, सामाजिक संगठनों और सजग नागरिकों के समन्वित प्रयासों से हिंसा की संस्कृति को संवाद और विकास की संस्कृति में परिवर्तित किया जा सका है। यह पहली बार है जब नक्सल विरोधी अभियान के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में वरिष्ठ माओवादी कैडरों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में एक सेंट्रल कमेटी सदस्य, चार डीकेएसजेडसी सदस्य, 21 डिविजनल कमेटी सदस्य सहित अनेक वरिष्ठ माओवादी नेता शामिल हैं। इन कैडरों ने कुल 153 अत्याधुनिक हथियार–जिनमें AK-47, SLR, INSAS रायफल और LMG शामिल हैं–समर्पित किए हैं। यह केवल हथियारों का समर्पण नहीं, बल्कि हिंसा और भय के युग का प्रतीकात्मक अंत है– एक ऐसी घोषणा, जो बस्तर में शांति और भरोसे के युग की शुरुआत का संकेत देती है। मुख्यधारा में लौटने वाले प्रमुख माओवादी नेताओं में सीसीएम रूपेश उर्फ सतीश, डीकेएसजेडसी सदस्य भास्कर उर्फ राजमन मांडवी, रनीता, राजू सलाम, धन्नू वेत्ती उर्फ संतू, आरसीएम रतन एलम सहित कई वांछित और इनामी कैडर शामिल हैं। इन सभी ने संविधान पर आस्था व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में सम्मानजनक जीवन जीने का संकल्प लिया।

यह ऐतिहासिक आयोजन जगदलपुर पुलिस लाइन परिसर में हुआ, जहाँ आत्मसमर्पित कैडरों का स्वागत पारंपरिक मांझी-चालकी विधि से किया गया। उन्हें संविधान की प्रति और शांति, प्रेम एवं नए जीवन का प्रतीक लाल गुलाब भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री अरुण देव गौतम ने कहा कि "पूना मारगेम केवल नक्सलवाद से दूरी बनाने का प्रयास नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने का अवसर है। जो आज लौटे हैं, वे बस्तर में शांति, विकास और विश्वास के दूत बनेंगे।" उन्होंने आत्मसमर्पित कैडरों से समाज निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एडीजी (नक्सल ऑपरेशन्स) श्री विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ बस्तर रेंज प्रभारी, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, बस्तर रेंज आईजी श्री सुंदरराज पी., कलेक्टर श्री हरिस एस., बस्तर संभाग के सभी पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ अधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग द्वारा आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास सहायता राशि, आवास और आजीविका योजनाओं की जानकारी दी गई। राज्य शासन इन युवाओं को स्वरोजगार, कौशल विकास और शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी सकें। मांझी-चालकी प्रतिनिधियों ने कहा कि बस्तर की परंपरा सदैव प्रेम, सहअस्तित्व और शांति का संदेश देती रही है। जो साथी अब लौटे हैं, वे इस परंपरा को नई शक्ति देंगे और समाज में विश्वास की नींव को और मजबूत करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी आत्मसमर्पित कैडरों ने संविधान की शपथ लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। उन्होंने प्रतिज्ञा ली कि वे अब हिंसा के बजाय विकास और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में योगदान देंगे। 'वंदे मातरम्' की गूंज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह क्षण केवल 210 माओवादी कैडरों के आत्मसमर्पण का नहीं, बल्कि बस्तर में विश्वास, विकास और शांति के नए युग की शुरुआत का प्रतीक बन गया।

## गुजरात में 'बुलडोजर एक्शन वाले' हर्ष सांघवी अब डिप्टी सीएम

**गांधीनगर,17 अक्टूबर।** गुजरात में बांग्लादेशी घुसपैठियों के ठिकानों पर हाल के दिनों में ताबड़तोड़ बुलडोजर एक्शन लेने वाले हर्ष सांघवी का प्रमोशन मिल गया है। बेहद कम उम्र में ही गुजरात की राजनीति में अपनी धमक कायम करने वाले सांघवी को डिप्टी सीएम बनाया गया है। इससे पहले वह राज्य के गृह राज्य मंत्री के रूप में काम करते हुए चर्चित हुए और अपने कामकाज से केंद्रीय नेतृत्व का भरोसा जीतने में कामयाब रहे। चर्चा यह भी है कि 2027 में भी भाजपा कमल खिलाने में कामयाब रही तो सांघवी को नेतृत्व सौंपा जा सकता है। 8 जनवरी 1985 को जन्मे हर्ष सांघवी 2012 में पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। 27 साल की उम्र में गुजरात के सबसे युवा विधायक बनने वाले सांघवी अब 40 साल की उम्र में



उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं। उम्र भले ही कम है, लेकिन सार्वजनिक जीवन में अनुभव की कमी नहीं। वजह यह है कि वह महज 15 साल की उम्र से छात्र संगठन से जुड़ गए थे। युवा मोर्चा में लंबे समय तक काम करने के बाद भाजपा में आए। जैन समुदाय से आने वाले हर्ष सांघवी सूरत की माजुरा सीट से विधायक हैं। राज्य मंत्री के तौर पर उन्होंने गृह विभाग के अलावा, उद्योग, परिवहन और युवा-खेल मंत्रालयों की भी जिम्मेदारी संभाली।

## अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा बस्तर : सीएम साय

**जगदलपुर,17 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में आज नक्सलियों ने सबसे बड़ी संख्या में हथियार डालकर सरेंडर किया है. इस आत्मसमर्पण के लिए आयोजित 'पूना मारगेम-पुनर्वास से पुनर्जीवन' में सीएम साय शामिल हुए. उन्होंन कहा कि आज का दिन बस्तर ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ और पूरे देश के लिए ऐतिहासिक दिन है. आज 210 लोग, जो रास्ता भटक गए थे, जो समाज से अलग हो गए थे, ऐसे लोग गांधी जी की अहिंसा नीति और सरकार की पुनर्वास नीति पर विश्वास करके नया जजीवन शुरू कर रहे है. सीएम साय ने आत्मसमर्पित सभी नक्सलियों को शुभकामनाएं दी. सीएम साय ने आगे कहा कि बहुत दुख होता है कि इस नक्सलवाद के कारण मरने-मारने वाले लोगों में हमारे अपने लोग ही होते थे. इसलिये केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने मिलकर इसका समाधान करने का फैसला किया. सरकार के गठन होते ही पता चला कि 77 प्रतिशत नक्सलवाद छत्तीसगढ़ में था और 23 प्रतिशत छत्तीसगढ़ से लगे अन्य राज्यों में था. उस समय हमने नक्सलवाद का खात्मा करने का निर्णय लिया. सीएम साय ने



बताया कि प्रदेश को नक्सलवादमुक्त बनाने की दिशा में गृहमंत्री ने कई प्रदेशों में जाकर वहां की पुनर्वास नीति का अध्ययन किया और एक अच्छा पुनर्वास नीति हमने अपनाया और इस पर विचार करते हुए नक्सल संगठनों से आत्मसमर्पण कर विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का आव्हान किया. इससे पहले कभी नहीं हुआ कि विकास की मुख्यधारा से इतने लोग जुड़ रहे हैं. पुनर्वास नीति जो गृहमंत्री ने बनाया है, उससे जुड़कर कई लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं. साथ ही जो नई उद्योग नीति है, उसमें भी सभी को रोजगार समेत कई सुविधाएं दिए जाने के प्रावधान किये गए हैं. इनमें कई लोगों को पीएम आवास योजना से मकान भी स्वीकृत कराया गया है, रोजगार भी दिया जा रहा है, खेती के लिए जमीन भी दी जा रही है. सीएम साय ने कहा कि बस्तर नक्सलवाद के कारण विकास से दूर था. लेकिन अब सरकार की योजनाओं के कारण बस्तर संभाग में सड़कें है, बिजली है, शिक्षा है. बस्तर विकास की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामएं देते हुए कहा कि उनका जीवन आगे अच्छे से चले, इसके लिए सरकार आगे भी प्रयास करेगी.

## रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कैदियों का फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**रायपुर,17 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर की सेंट्रल जेल फिर विवादों में घिर गई है। जेल के भीतर से आरोपियों का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ गए हैं। इस बार वायरल वीडियो बैरक नंबर–15 का बताया जा रहा है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट का आरोपी रशीद अली उर्फ राजा बैजड कसरत करते नजर आ रहा है। वायरल फोटो और वीडियो में रशीद अली के साथ रोहित यादव और राहुल वाल्मिकी भी दिखाई दे रहे हैं। इससे यह साफ़ जाहिर होता है कि जेल के अंदर मोबाइल और इंटरनेट का खुला उपयोग हो रहा है। यह घटना 13 से 15 अक्टूबर 2025 के बीच की बताई जा रही है।

**जेल प्रशासन में मचा हड़कंप–** वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। फिलहाल, इस मामले




पर जेल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। जेल अधीक्षक से रिपोर्ट तलब की गई है और यह पता लगाने को कहा गया है कि इतनी कड़ी निगरानी के बावजूद मोबाइल फोन जेल में कैसे पहुंचा। राशिद अली उर्फ राजा बैझड़ (23 वर्ष), निवासी ताज नगर, रायपुर, टिकरापारा थाना का आपराधिक रिकार्ड लंबा है। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

**पहले भी वायरल हुआ है जेल से फोटो**–यह पहली बार नहीं है जब रायपुर सेंट्रल जेल विवादों में आई है। इससे पहले झारखंड के गैंगस्टर अमन साव के फोटोशूट का मामला सामने आया था। अमन साव को झारखंड ले जाने के दौरान भागने की कोशिश में मारा गया था, लेकिन जेल में खिंचवाए गए फोटो और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गए थे। सुरक्षा के नाम पर रोजाना की तलाशी और लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद कैदी मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं,

## दीपावली से पहले किसानों के चेहरे खिले

**कवर्धा/पंडरिया।** दीपावली पर्व से पहले कबीरधाम जिले के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है. राज्य शासन ने वर्ष 2024-25 के पेराई सत्र के लिए गन्ना विक्रेता किसानों को प्रति क्विंटल 39.90 रुपए की दर से 5 करोड़ 98 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है. यह राशि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्या. पंडरिया को प्राप्त हुई है. शासन से राशि मिलने के बाद कारखाना प्रबंधन द्वारा कुल 7,658 गन्ना उत्पादक किसानों के खातों में यह धनराशि सीधे बैंक के माध्यम से भेजने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है. यह निर्णय दीपावली से ठीक पहले आने के कारण किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है. किसान अब त्योहार को और अधिक हर्षोल्लास से मना सकेंगे.

# चाइनीज पटाखों पर सख्त प्रतिबंध, उल्लंघन पर लाइसेंस जब्ती के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** नगर निगम भिलाई द्वारा दीपावली के मद्देनजर कम प्रदूषण करने वाले ग्रीन पटाखों की जांच और निगरानी की कार्यवाही शुरू की गई है। निगम आयुक्त राजीव पांडेय और स्वास्थ्य अधिकारी व बाजार तथा सड़क बाधा प्रभारी जावेद अली के निर्देश पर पावर हाउस जोन क्रमांक 3 अंतर्गत अस्थायी फ्टाका विक्रेताओं के लाइसेंस और अग्निशमन यंत्रों की जांच की गई। निरीक्षण दल ने पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाने वाले ग्रीनरी सिंबल ग्रीन सिंबल वाले पटाखों की जांच की और दुकानदारों को चाइनीज पटाखों का उपयोग न करने की सखूत समझाइश दी।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि किसी दुकान में चाइनीज पटाखे पाए गए, तो संबंधित दुकान का लाइसेंस रद्द कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संयुक्त कार्रवाई में जोन क्रमांक 3 के सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक सी. एम. यादव, अतिक्रमण प्रभारी विनय शर्मा, हरिओम गुप्ता, तोड़फोड़ दल, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें शामिल थीं।

## समाचार संक्षेप

### कबाड़ की आड़ में चोरी का सामान खरीदने वाले 3 कबाड़ी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** लंबे समय से कबाड़ की आड़ में चोरी का सामान खरीदने वाले तीन कबाड़ियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लोहा, स्क्रेप, ट्रक का इंजन सहित अन्य सामान बरामद किया है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि कबाड़ियों के विरुद्ध मिल रही सूचनाओं को देखते हुए दक्षिण गंगोत्री बी ब्लाक एरिया में सितारे नाम का व्यक्ति चोरी की सम्पत्ति खरीदी कर अपने पास रखा है। सूचना पर तत्काल एसीसीयू एवं सुपेला पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा। संदेही मोहम्मद इमरान उर्फ सितारे (40) को पुलिस हिरासत में लेकर उसके कब्जे से चोरी का समान लोहे के छोटे बडे टुकडे कुल वजन 502 किलो ग्राम बरामद किया गया इसी तरह जामुल क्षेत्र के शंकर नगर छावनी स्थित सुरेश कबाड़ी के दुकान में दबिश देकर लोहे का एंगल, छड़, स्क्रैप जब्त किया है वहीं पुरानी भिलाई क्षेत्र के रिंगनी ग्राम में ललित कबाड़ी का पुत्र प्रेम साहू की कबाड़ दुकान में पुलिस ने छापा मारकर ट्रकों के पार्ट्स व रेलवे की संपत्ति को बरामद किया है।

### सैल्यूट तिरंगा ने दीपावली में स्वदेशी सामान खरीदने का दिया का संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** राष्ट्रवादी संगठन सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा ने कहा है कि इस दीपावली प्रत्येक भारतीय को स्वदेशी वस्तुएं अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाना चाहिए। उन्होंने अपील की हर घर इस दीपावली में स्वदेशी सामान खरीदें, यही सच्चा सैल्यूट तिरंगे को होगा। राजेश झा के भिलाई आगमन पर सांसद विजय बघेल ने अपने निवास पर स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ इकाई के हितेश तिवारी, मनोज ठाकरे, फौजी अरुण सावरकर और प्रशांत क्षीरसागर ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राजेश झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के आह्वान को संगठन जनता तक पहुंचा रहा है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने संगठन द्वारा स्वदेशी जागरण अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### दीपावली से पहले पीएम आवास योजना के तहत 1.60 करोड़ की राशि जारी : आयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबके लिए आवास÷ के संकल्प को साकार करने की दिशा में भिलाई नगर निगम ने एक और बड़ा कदम उठाया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों को दीपावली पर्व से पूर्व शासन द्वारा प्रदत्त आवासीय सहायता राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर 220 हितग्राहियों को पहली किस्त के रूप में लगभग 1 करोड़ 39 लाख की राशि और 25 हितग्राहियों को दूसरी किस्त के रूप में लगभग 21 लाख 75 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। समस्त राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से हस्तांतरित की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने सभी हितग्राहियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत प्रत्येक पात्र परिवार को अपने सपनों का घर प्राप्त हो सके, यही हमारा संकल्प है। भिलाई नगर निगम इस दिशा में सतत रूप से कार्यरत है। उन्होंने आगे बताया कि निगम द्वारा पात्र हितग्राहियों की सूची को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। निगम के अधिकारियों ने बताया कि आवास निर्माण की निगरानी के लिए क्षेत्रीय इंजीनियरों और वार्ड स्तर पर प्रभारी अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

### विक्रेता मिलन समारोह का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** सतर्कता जागरूकता पखवाड़ा के तहत सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा विक्रेता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ए. के. चक्रवर्ती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओ सुनील सिंघल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक के. सी. मिश्रा, ए. के. मिश्रा, महाप्रबंधक संदीप गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक हिमांशु दवे सहित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बड़ी संख्या में स्थानीय विक्रेताओं ने भी सहभागिता की। संचालन उप महाप्रबंधक श्रीमती यामिनी ताम्रकार तथा महाप्रबंधक सुकांत प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### आइकॉनिक वीमेन इन लीडरशिप अवॉर्ड से पुष्पा एम्ब्रोस सम्मानित



**भिलाई, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीएसपी की महाप्रबंधक एवं डीएसओ पुष्पा एम्ब्रोस को ग्लोबल ट्रायम्फ फाउंडेशन द्वारा हैदराबाद में आयोजित समारोह में आइकॉनिक वीमेन इन लीडरशिप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती एम्ब्रोस ने कहा कि यह उपलब्धि उन सभी महिलाओं को समर्पित है जो भारी उद्योग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

### एआईटीयूसी ने ईपीएफओ के नए नियमों को बताया मजदूर विरोधी

**भिलाई, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की महासचिव अमरजीत कौर ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए निकासी नियमों को मजदूर-विरोधी और अव्यावहारिक करार दिया है और उनकी तत्काल वापसी की मांग की है। नए नियमों के अनुसार, कर्मचारियों को अपनी बचत का 25 प्रतिशत हिस्सा खाते में न्यूनतम शेष के रूप में रखना होगा। इसके अलावा, पूर्ण पीएफ निकासी के लिए 12 महीने की बेरोजगारी और पेंशन निकासी के लिए 36 महीने की लगातार बेरोजगारी अनिवार्य की गई है।

एआईटीयूसी ने कहा कि सरकार का यह निर्णय बेरोज़गार और निम्न आय वर्ग के कर्मचारियों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार है। संगठन ने कहा कि जब व्यक्ति बेरोजगार है, तब उसकी बचत रोकना वित्तीय संयम नहीं, क्रूर मजाक है। ईपीएफओ के आंकड़ों का हवाला देते हुए एआईटीयूसी ने बताया कि 87 प्रतिशत खाताधारकों के पास 1 लाख से कम और आधे से ज़्यादा के पास 20,000 से भी कम राशि है। ऐसे में बचत का एक चौथाई हिस्सा रोकना उनके लिए गहरी आर्थिक मुश्किलें पैदा करेगा। ट्रेड यूनियन ने यह भी कहा कि पूर्ण निकासी में भी रोकी गई 25 प्रतिशत राशि शामिल नहीं है, जो सेवानिवृत्ति सुरक्षा के नाम पर जबरन बचत थोपने जैसा है। एआईटीयूसी ने केंद्रीय न्यासी मंडल से मांग की है कि इन नियमों को तुरंत निरस्त किया जाए।

### निधन

#### वंदना सिंह

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** नगर निगम भिलाई के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता सत्येंद्र सिंह की धर्मपत्नी वंदना सिंह 63 वर्ष का बृहस्पतिवार को हैदराबाद में दुखद निधन हो गया। उनकी तीन बेटियां अंकिता सिंह, निकिता सिंह एवं वादिता सिंह हैं जिनका विवाह हो चुका है। शवयात्रा नेहरूनगर पश्चिम महात्मा गांधी उद्यान के पास निवास से शनिवार 18 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



## यातायात पुलिस की तत्परता से स्कूल बस बड़े हादसे का शिकार होने से बची

# ब्रीथ एनालाइजर से जांच करने पर शराब के नशे में मिला चालक गिरफ्तार, बस को किया जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** स्कूल बस चालकों की लापरवाही किसी भी समय बच्चों की जान पर भारी पड़ सकती है। आज यातायात पुलिस की तत्परता से एक निजी स्कूल बस बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। शराब के नशे में स्कूल बस ड्राइवर यातायात पुलिस ने रोका और ब्रीथ एनालाइजर से जांच करने पर नशे में पाया गया। पुलिस ने चालक एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई कर वाहन जब्त किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ऋचा मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन सुरक्षा के अंतर्गत यातायात पुलिस दुर्ग ने जिलेभर में ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बसों की सघन जांच की।

जांच के दौरान बोगदा पुलिया जामुल के पास नागसेन स्कूल बस को रोका गया। इसमें लगभग 15 बच्चे स्कूल जा रहे थे वाहन चालक मणिक दास पिता



बिसौहा (39) की ब्रीथ एनालाइजर से जांच करने पर शराब पाया गया। चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 व 130 (1)/ 177 के तहत कार्रवाई की तथा बस को जब्त कर न्यायालय भेजा गया। इसी क्रम में दौरान स्कूल बस को रोका। इसे दिनेश कुमार ठाकुर चला रहा था। जांच में चालक शराब के नशे में पाए जाने पर एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर वाहन जब्त कर न्यायालय भेजा गया।

यातायात पुलिस ने यह अभियान इसलिए चलाया जा रहा है ताकि स्कूली बच्चों की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित रहे और कोई भी चालक नशे की हालत में वाहन चलाकर उनके जीवन को खतरे में न डाले। यातायात पुलिस दुर्ग ने समस्त स्कूल संचालकों, अभिभावकों तथा नागरिकों से अपील की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहन चालकों की नियमित जांच हो और यदि कोई चालक शराब सेवन या लापरवाही करते हुए पाया जाए, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## ट्रैफिक आरक्षक को कुचलने की कोशिश करने वाली कार से किया अवैध कफ सीरप बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में एक स्वीफ्ट कार चालक ने ट्रैफिक आरक्षक को कार से कुचलने की कोशिश की। कार की तलाशी में नशीली कफसीरप का खेप बरामद हुआ है। पुलिस के मद्देनजर बढ़ाई गई पुलिसिंग के चलते चंद घंटो में ही आरोपी दबोचे गए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर कार्रवाई की है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह ने बताया कि जिले मे नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में एवं त्यौहारों को देखते हुए की जा रही कार्रवाई एवं सुगम यातायात व्यवस्था के दौरान सिरसा गेट के पास तैनात आरक्षक ने तेज व लापरवाही पूर्वक आ रही गाड़ी को रूकवाने का प्रयास किया। वाहन चालक ने गाड़ी को अधिक तेजी से ट्रैफिक नियमों का पालन किये बिना आरक्षक को कार से जान से मारने की नीयत से उड़ाने का प्रयास किया गया जिले में घेराबंदी कर आरोपी कार स्वीफ्ट को पकड़ा गया






चालक को रुकवाकर नाम पूछने पर अपना नाम नीरज वर्मा (27 साल ) निवासी रायपुरा जिला रायपुर बताया एवं गाड़ी क्यू नहीं रोका तो पूछने पर आरोपी चालक ने बताया कि अपने भाई के साथ अवैध सामान नशीली दवाई परिवहन करने से पुलिस पकड़ रही है, इसलिए नहीं रोका बताया। कार की तलाशी लेने पर आरोपी नीरज वर्मा व उसके चचेरे भाई ऋषभवर्मा के पास से दवाई बिक्री के लिए 25 नग ग्लेनकॅफ सीरप मिला साथ ही चरोदा रेल विहार से बाबा नाम के व्यक्ति से नशीली दवाई 25 नग सीरप मिला। इसे जब्त किया गया है।

## रेलवे कर्मचारी के तीन बैंक खाते से 9 लाख रुपए उड़ाये, मामला दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत एक रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए ठगों ने केवाईसी अपडेट करने के नाम पर पीड़ित को झांसा दिया और उनके तीन बैंक खातों से करीब 8.88 लाख रुपये उड़ा लिए।

रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 318 (4), आईटी एक्ट 66 डी के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह ने बताया कि पदुमनगर निवासी जेवी राजू (60 साल ) रेलवे का रिटायर्ड कर्मी हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके नंबर एक अनजान नंबर से नॉर्मल कॉल आया कॉल पिक करने आरोपी ने खुद को डीआरएफ ऑफिस से बताया और



उसकी पैशन की केवाईसी अपडेट कराने के लिए वाट्सएप कॉल पर आने के लिए कहा। इसके बाद उसके सारे दस्तावेज चेक करने के लिए कहा।

इस दौरान आरोपी ने एक आईआरसीटीसी सेल्फ ऐप के नाम की एपीके फाइल भेजी, जिसे क्लिक करने पर उसका मोबाइल हैक हो गया इसके बाद उसके तीन बैंक अकाउंट से कुल 8 लाख 88 हजार 420 रुपए निकाल लिए बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलाने पर साइबर ठगी होने की जानकारी मिली।

# हर गली-मोहल्ले में प्रतिदिन सफाई की जाए, जरा भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी : आयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन क्रमांक-4 खुर्सीपार क्षेत्र का निरीक्षण कर साफ-सफाई, उद्यान, सार्वजनिक शौचालय, दुकान व्यवस्था और केनाल रोड की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड-48 स्थित शिव मंदिर परिसर के पास उद्यान का अवलोकन किया और झूले, मंच तथा प्रकाश व्यवस्था के रखरखाव हेतु सहायक अभियंता प्रिया करसे को आवश्यक निर्देश दिए। मोहल्लों और बैंक लाइन क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी को प्रतिदिन कचरा



उठाने की सख्त हिदायत दी।

आयुक्त ने सड़कों के किनारे उखड़े हुए पेवर ब्लॉकों की मरम्मत, नालियों पर हुए अतिक्रमण हटाने और जल प्रवाह सुचारू करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने डस्टबिन रखने की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केनाल रोड पर दोसा सेंटर और कोचिंग सेंटरों के कारण यातायात बाधित हो रहा है। आयुक्त ने जोन आयुक्त को सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा तथा कोचिंग संचालकों को पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने केनाल रोड स्थित सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किया, जहाँ नलों की टोंटी चोरी हो गई थी। उन्होंने कबाड़ खरीदने वालों पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को अनुपस्थित समूह को हटाने की कार्यवाही करने कहा।

निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन उद्यान में जिम उपकरणों को क्षति पहुंचाए जाने की जानकारी मिलने पर आयुक्त ने तत्काल संधारण कर पुनः स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही केनाल रोड किनारे भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को चालानी कार्रवाई करने कहा। आयुक्त पांडेय ने कहा कि शहर की सुंदरता और नागरिक सुविधा दोनों हमारी प्राथमिकता हैं। सभी वार्डों में स्वच्छता और सुव्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## गौरा विसर्जन और छठ पूजा के लिए की जा रही तालाबों की विशेष सफाई

# आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 17 अक्टूबर।** दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर रिसाली नगर निगम द्वारा तालाबों की विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा स्वयं इस अभियान की मॉनिटरिंग कर रही हैं।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के निर्देश पर नगर निगम ने 50 से अधिक कर्मचारियों की टीम को तालाबों की सफाई में लगाया है। आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि त्योहारों की अवधि में सभी तालाबों की रोजाना सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि पूजा-अर्चना



के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि लक्ष्मी पूजन के साथ गौरा-गौरी पूजा प्रारंभ होगी और उसके बाद प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा।

विसर्जन के पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा के लिए तालाबों में पहुँचेंगे। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। जिन तालाबों में कमल ककड़ी या जलकुंभियां हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आयुक्त ने स्वच्छता एजेंसी को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और तालाबों की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को उन्होंने कल्याणी मंदिर तालाब और व्हीआईपी नगर तालाब का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त ने दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए सभी सब इंजीनियरों को तालाब वार प्रभारी बनाया है। प्रत्येक इंजीनियर अपने क्षेत्र के तालाबों की सफाई, व्यवस्था और छठ पूजा हेतु अस्थायी घाट निर्माण की जिम्मेदारी संभालेंगे। समीक्षा बैठक में आयुक्त वर्मा ने कहा कि दीपावली के बाद मानव बल की कमी को ध्यान में रखते हुए अभी से रोस्टर तैयार कर ड्यूटी लगाई जाए। साथ ही सभी पूजा स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए विशेष गैंग बनाया गया है।

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल की टीम ने क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन में जीता स्वर्ण पदक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएन एच एंड आर सी) की टीम स्पर्श ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तिरुचिरापल्ली में आयोजित क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन : मदुरै चैप्टर (35 एमसीक्यू 2025) में स्वर्ण पदक जीतकर सेल-बीएसपी का गौरव बढ़ाया। 16 अक्टूबर को चिकित्सालय में समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी को स्वर्ण पदक ट्रॉफी टीम के सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में भेंट की। टीम में फैसिलिटेटर के रूप में सहायक महाप्रबंधक बी. आर. ढोके, टीम लीडर लखन यादव तथा सदस्य वी. पी. कोलारे, मोहिंदर कुमार, श्रीधर जोशी और संतोष कुमार शामिल थे।

एक नजर

## दीपावली से पहले शासकीय कर्मचारियों को अग्रिम वेतन भुगतान करने का फैसला

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य शासन ने अपने शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए माह अक्टूबर 2025 का वेतन 17 एवं 18 अक्टूबर को अग्रिम रूप से भुगतान करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने सभी विभागों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मेरे लिए शासन केवल तंत्र नहीं, बल्कि उन कर्मठ साथियों का परिवार है जो पूरे मन से जनता की सेवा में लगे हैं। दीपावली पूर्व अग्रिम वेतन भुगतान का यह निर्णय उसी आत्मीयता का प्रतीक है – कि सरकार अपने हर साथी की खुशियों में सहभागी बने और हर घर में उजियारा तथा प्रसन्नता फैले। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व प्रसन्नता, एकता और उत्साह का प्रतीक है। शासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी इस पर्व को परिवार सहित उल्लासपूर्वक मना सके और किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े। वेतन भुगतान की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न करने हेतु राज्य के सभी कोषालय एवं उपकोषालय 18 अक्टूबर (शनिवार, अवकाश दिवस) को भी खुले रहेंगे, ताकि किसी कर्मचारी को भुगतान प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। राज्य शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि मजदूरी, मानदेय एवं पारिश्रमिक जैसे अन्य मदों में भी नियमानुसार अग्रिम भुगतान किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दीपावली पूर्व अग्रिम वेतन भुगतान से न केवल शासकीय कर्मचारियों को आर्थिक सुविधा और राहत प्राप्त होगी, बल्कि इससे जीएसटी बचत उत्सव के दौरान राज्य के बाजारों में रौनक, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि और आर्थिक प्रवाह में तीव्रता आएगी। इससे स्थानीय व्यापारियों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों को भी प्रत्यक्ष लाभ होगा तथा राज्य की अर्थव्यवस्था में उत्सव और विश्वास का वातावरण बनेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासन का हर निर्णय अपने कर्मठ साथियों की खुशियों और सम्मान से जुड़ा है। दीपावली से पहले अग्रिम वेतन भुगतान उसी आत्मीय भावना का प्रतीक है कि हर घर में उजियारा फैले और हर हृदय में प्रसन्नता एवं विश्वास का दीप जले।

## पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति देने के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार,17 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों हेतु मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित हैं। जिसके अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक राशि रूपये 1000 से 10000 प्रति छात्र प्रतिवर्ष कक्षानुसार प्रदाय किया जाता है। उपरोक्त योजना विद्यार्थी द्वारा राज्य की अन्य किसी समानान्तर योजना से लाभान्वित होने पर भी मंडल की मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना से भी लाभान्वित हो सकेगा। उक्त योजनाओं के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे आवेदन विभाग के वेबसाईट httpsÑ//shramevjayate.cg.gov.in के माध्यम से कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु श्रम कल्याण अधिकारी सत्यनारायण अनंत मोबाईल नम्बर 9516089728 पर संपर्क कर सकते है।

## विजय शर्मा के प्रयासों से गन्ना किसानों को दीपावली पर मिला बड़ा तोहफा

**रायपुर,17 अक्टूबर।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों एवं किसान हितैषी दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा द्वारा जिले के गन्ना उत्पादक किसानों को दीपावली पर्व के अवसर पर बड़ा आर्थिक लाभ प्रदान किया गया है। कारखाना प्रबंधन द्वारा पिछले पेराई सत्र में गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को शासन की ओर से 11.09 करोड़ रुपये का बोनस भुगतान किया गया है। यह बोनस भुगतान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष पहल एवं प्रयासों से संभव हुआ है। उनके नेतृत्व में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध भुगतान और बोनस वितरण सुनिश्चित किया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा ने पेराई सत्र 2024-25 के दौरान किसानों से खरीदे गए गन्ने का 115.44 करोड़ रुपये का संपूर्ण भुगतान कर प्रदेश की सभी शुगर मिलों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि कारखाने की पारदर्शी कार्यप्रणाली, कुशल प्रबंधन एवं सहकारिता की सुदृढ़ भावना का परिचायक है। दीपावली से पूर्व किसानों को बोनस भुगतान प्राप्त होने से पूरे जिले के कृषक समुदाय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है। बोनस राशि के भुगतान न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि किसानों का विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

# अब बस्तर भय नहीं विश्वास व विकास की नई पहचान :सीएम साय



**रायपुर, 17 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उत्तर बस्तर और अबूझमाड़ का नक्सलमुक्त होना यह प्रमाण है कि अब बस्तर भय नहीं, बल्कि विश्वास और विकास की नई पहचान बन चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत आज नक्सलवाद के अंत की दहलीज़ पर खड़ा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते दो दिनों में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण इस बात का प्रतीक है कि बंदूक नहीं, बल्कि विश्वास की शक्ति जीत रही है। उन्होंने कहा कि बीते 22 महीनों में छत्तीसगढ़ में 477 नक्सली मारे गए, 2110 ने आत्मसमर्पण किया और 1785 गिरफ्तार हुए – यह आँकड़े हमारे राज्य को नक्सलमुक्त बनाने के अडिग संकल्प के साक्षी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाने का लक्ष्य अब बहुत निकट है। यह परिवर्तन राज्य सरकार की नक्सलवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 तथा नियद नेल्ला नार योजना की सफलता का प्रत्यक्ष परिणाम है। डबल इंजन सरकार की संवेदनशील नीतियों, बस्तर में लगातार स्थापित हो रहे सुरक्षा शिविरों और वनांचलों में शासन के प्रति बढ़ते विश्वास ने इस सकारात्मक परिवर्तन को संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि अब तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 64 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे न केवल सुरक्षा सुदृढ़ हुई है, बल्कि विकास और विश्वास की किरण भी हर गांव तक पहुँची है। मुख्यमंत्री श्री साय ने हमारे वीर सुरक्षाबलों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनके समर्पण से ही आज बस्तर भयमुक्त हुआ है और शांति की राह पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर नक्सल आतंक से पूर्णतः मुक्त हो चुके हैं, जबकि दक्षिण बस्तर में यह लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। «नियद नेल्ला नार» जैसी योजनाओं ने बस्तर में संवाद, विकास और संवेदना की नई धरती तैयार की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की नीति दो टूक है – हिंसा का कोई स्थान नहीं। जो नक्सली शांति और विकास का मार्ग चुनना चाहते हैं, उनका स्वागत है। लेकिन जो बंदूक उठाकर समाज में आतंक फैलाने की कोशिश करेंगे, उन्हें सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने सभी नक्सलियों से अपील की – «हिंसा की राह अंतहीन पीड़ा देती है, जबकि आत्मसमर्पण जीवन को एक नई दिशा देते हुए एक नई शुरुआत का रास्ता खोलता है। अपनी मातृभूमि के भविष्य और अपने परिवारों के उज्जवल कल के लिए हथियार त्यागें और विकास की रोशनी में कदम रखें।

### मामला रेलवे चौक के नकुल होटल के बाजु प्रभु सैलून का

# पैसा मांगा नहीं देने पर मारपीट,लूटपाट की शिकायत करने पर दुकान में की तोड़फोड़

**डोंगरगढ़ 17 अक्टूबर।** धर्मनगरी के रेलवे चौक के पीछे आदतन बदमाशो के द्वारा युवक से चाकू की नोंक पर मारपीट कर लूटपाट और सैलून दुकान का ताला तोड़कर तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी प्रभुराम सेन निवासी वार्ड नंबर 22 ठेठवार पारा के द्वारा इसकी शिकायत पुलिस थाना डोंगरगढ़ में की गई है। प्रार्थी प्रभुराम के द्वारा बताया गया कि वह 15 अक्टूबर चार बजे दुकान बंद करके घर चला गया था जिसके बाद उसका नाती कुछ कार्य से नांदगांव जाने को निकला और ट्रेन लेट होने की वजह से रेलवे चौक के पीछे जुम्मन मियां के पानठेला से गुटखा ले रहा था कि अचानक चिंटू पाशी निवासी बुधवारी पारा वार्ड 15 का रहने वाला और उसके अन्य दो साथियों के द्वारा मेरे नाती को जबरदस्ती पैसों की मांग करने लगे और मना करने पर चाकू निकालकर धक्कामुक्की करते मारपीट कर उसके पैसे छीन कर भगा दिया तो मेरा नाती टिकिट काउंटर के पास खड़े रेलवे पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी। जिसके बाद रेलवे पुलिस सिपाही घटना स्थल पर नाती को लेकर आया तब तक बदमाश फरार हो गए थे फिर मेरा नाती राजनांदगांव चला गया। जब बदमाशों को पता चला कि उनकी जानकारी व



शिकायत मेरे नाती के द्वारा रेलवे पुलिस को दी गई है तो बदमाश फिर से वापस आकर लगभग शाम 05 बजे मेरी बंद दुकान का ताला तोड़कर तोड़फोड़ की गई है जिससे मुझ जैसे गरीब आदमी का बहुत नुकसान होने के साथ साथ रोजी रोटी पर लात मारी गई है। वहीं मैं पुलिस प्रशासन से अनुरोध करता हूं कि ऐसे नशेड़ी चाकूबाज बदमाशों पर शिकंजा कस कठोर कार्रवाई करते हुए सबक सिखाया जाना चाहिए जिससे भविष्य में ऐसे आदतन बदमाशो पर अंकुश लगाया जा सके।

**यूपी सरकार की तरह आदतन बदमाशों पर आपरेशन लंगड़ा अभियान चलाने की मांग:** घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही रेलवे चौक के दुकानदार और नगर के गणमान्य नागरिक व प्रबुद्धजनों ने घटना की निंदा करते रोष जताते कहा गया कि ऐसे ही नशेबाज और चाकूबाज बदमाशों की वजह से रेलवे चौक बदनाम हो चुका है और ऐसे ही बदमाश रात्रि के समय दूर दराज से आए मां बमलेश्वरी के दर्शन को आए दर्शनार्थियों को डरा चमका कर बेधड़क लूटपाट की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते है जिस पर वक्त रहते लगाम नहीं लगाया गया तो इन आदतन बदमाशों के हौसले गर्दिश में हो जाएंगे। वहीं दूसरी ओर रेलवे चौक के प्रबुद्धजनों ने शासन प्रशासन को सुझाव व मांग करते उत्तरप्रदेश की योगी सरकार की तरह आदतन बदमाशो के विरुद्ध आपरेशन लंगड़ा अभियान चलाए जाने का निवेदन किया गया जिससे ऐसे नशाखोर आदतन बदमाशों के मन में पुलिस प्रशासन की कार्यवाही को लेकर खौफपैदा हो।

इस मामले में थाना प्रभारी *उपनिरीक्षक उपेंद्र शाह ने बताया कि फरार बदमाशों की पाता तलाश तेज कर दी गई है। बदमाशों के खिलाफकठोर कार्यवाही की जाएगी।* ***- थाना प्रभारी***

## विरोधी दल बिजली मुद्दे पर आम जनता को गुमराह कर रहेः आशा

**तिल्दा नेवरा 17 अक्टूबर।** रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी साहू एवं प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ , राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, ने



कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुये हमला करते हुये कहा है कि विरोधी दल बिजली व्यवस्था को लेकर जनता के बीच भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य की बिजली व्यवस्था को लेकर जो चुनौतियाँ सामने हैं वे पिछली कांग्रेस सरकार की लापरवाही और गलत नीतियों का परिणाम हैं। श्रीमती साहू जी एवं। दास जी साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई थी। शहरों से लेकर गाँवों तक घंटों-घंटों बिजली गुल रहने की स्थिति बनी रहती थी। उस समय बिजली विभाग में भर्राशाही, अव्यवस्था और मनमानी का माहौल था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौर में विभागीय कर्मचारियों को वेतन के लिए तरसना पड़ता था जिससे मनोबल भी कमजोर हुआ और बिजली उत्पादन व वितरण व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई थी। वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था को सुधारने और स्थिर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पुराने बकाए का भुगतान, ट्रांसफार्मर बदलने, लाइन लॉस कम करने और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। कांग्रेस पार्टी के नेता केवल राजनीतिक लाभ के लिए बिजली संकट का मुद्दा उछाल रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम कर रही है।

## पोषण माह में महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई

**नगरी 17 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के समापन के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं, बच्चों एवं गर्भवती माताओं के पोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में गर्भवती माताओं का गोदभराई संस्कार और नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार पारंपरिक तरीके से संपन्न हुआ। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष श्री विकास बोहरा, जनपद सदस्य श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, श्रीमती




शशि ध्रुव, श्रीमती मौसमी मंडावी, श्रीमती कलावती मरकाम, पार्षद श्री अश्वनी निषाद, श्री मिक्की गुप्ता, श्रीमती अल्का शाव, श्रीमती टिकेश्वरी साहू, एवं श्री राजा पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि संतुलित आहार, समय पर टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की नींव हैं। उन्होंने विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए अधिक से अधिक माताओं को पोषण अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी सोमेंद्र साहू द्वारा बताया गया कि पूरे माह के दौरान विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा, हेल्थ चेकअप कैंप, रेसिपी प्रतियोगिता, न्यूट्रिशन मेले जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्रामीण स्तर तक पोषण के महत्व को पहुँचाया जा सके।

## पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना से लाभान्वित बच्चे कलेक्टर से मिलकर हुए उत्साहित

**बलौदाबाजार,17 अक्टूबर।** जिले में कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत समुचित देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को योजना के लाभान्वित बच्चों ने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात की। बच्चों ने कलेक्टर से मिलकर अपनी पढ़ाई, जीवन और भविष्य को लेकर उत्साहपूर्वक चर्चा की तथा प्रेरणादायक संवाद से काफी उत्साहित हुए। कलेक्टर श्री सोनी ने बच्चों और उनके वर्तमान संरक्षकों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं समग्र सुरक्षा की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने और



आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दीपावली के उपलक्ष्य में कलेक्टर दश्री सोनी ने बच्चों को नए कपड़े, स्कूल बैग, स्टेशनरी, अध्ययन सामग्री और मिठाइयाँ भेंट की। बच्चों के चेहरों पर नई ऊर्जा और खुशियों की चमक दिखाई दी।उन्होंने बच्चों को दीपावली की शुभकामनायें दीं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अतुल परिहार ने बताया कि बलौदा बाजार जिले में वर्तमान में 5 बच्चे पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना से लाभान्वित हो रहे हैं! प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना का उद्देश्य इन बच्चों को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सशक्त बनाना है। विभाग द्वारा समय-समय पर बच्चों की प्रगति की निरंतर निगरानी की जा रही है तथा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास भी उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

## दीपावली पर्व पर संपूर्ण मार्केट में चार पहिया वाहनों का प्रवेश रहेगा पूर्णतः निषेध



**बलौदाबाजार 17 अक्टूबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस बल द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर बलौदाबाजार संपूर्ण मार्केट एरिया में कानून एवं शांति व्यवस्था तथा समुचित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिसके तहत सराफा मार्केट में प्रवेश करने वाले दोनों प्रमुख मार्गो में 24 घंटे सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई है। यह सशस्त्र पुलिस बल रात्रि के समय भी सराफा मार्केट में तैनात रहकर समुचित सुरक्षा प्रबंध व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही मार्केट एरिया में भीड को नियंत्रित करने के लिए तथा समुचित यातायात व्यवस्था के लिए बलौदाबाजार मार्केट पहुंच समस्त प्रवेश मार्ग में समुचित संख्या में स्टॉपर लगाते हुए यातायात पुलिस बल लगाया गया है। दीपावली के अवसर पर खरीदारों की भीड़ को नियंत्रित करने तथा किसी भी स्थिति में ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देने के लिए मार्केट एरिया में चार पहिया वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया है। आज दिनांक 16.10.2025 को सायं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार श्री अभिषेक सिंह, निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं संपूर्ण दलबल के साथ बलौदाबाजार मार्केट एरिया का जायजा लेने, मार्केट एरिया, सराफा मार्केट एरिया में पैदल पेट्रोलिंग पर निकले। इस दौरान उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंध मे लगे पुलिस बल एवं यातायात बल को समुचित व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## वटगन कॉलेज में छात्रों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई




**बलौदाबाजार,16 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम की जानकारी एवं मनोविकास हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यु.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।

## नगर का माहौल खराब कर शांतिभंग करने वाले 3 बदमाशों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**डोंगरगढ़ 17 अक्टूबर।** आगामी दीपावली पर्व को मद्देनजर रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ द्वारा अपराध के रोकथाम के लिए व नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार गस्त पेट्रोलिंग अभियान चला कर नगर में उत्पात मचाने वाले आदतन अपराधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में क्षेत्र मे शांन्ति भंग करने वाले सन्नी साहू पिता संजय साहू उम्र 20 साल निवासी वार्ड नबर 22 अटल आवास तिल्दा थाना तिल्दा जिला रायपुर, मुनमत




माण्डले पिता सुदामा माण्डले उम्र 21 साल निवासी वार्ड नबर 22 अटल आवास तिल्दा थाना तिल्दा जिला रायपुर, महेन्द्र पाण्डे पिता स्व. गोविन्द प्रसाद पाण्डे उम्र 31 साल निवासी ग्राम करवारी थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव के बदमाशों के विरूद्ध धारा- 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम कार्यालय में पेश किया गया है।

## कलेक्टर ने विद्यार्थियों को नवाचार के लिए किया प्रोत्साहित

**बलौदाबाजार,17 अक्टूबर।** रजत जयंती के अवसर पर जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों में नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरुवार को एमडीव्ही स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में सीजी आइडियाथॉन 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गए नवाचार मॉडल का अवलोकन किया और उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य नवाचार के माध्यम से बेहतर सोच के साथ अपने आस - पास के चीजों से इस तरह के व्यवसाय शुरू कराना या तकनीक विकसित करना जो लाभकारी हो और लोगों का जीवन को आसान व बेहतर बनाए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में प्रतिभा होती है। उस



प्रतिभा का सकारात्मक व सृजनात्मक रुप देकर लोगों के जीवन को आसान बनाने के उपाय बना सकते हैं।उन्होंने कहा कि किसी के पास कोई आईडिया हो तो उसे आगे लाने अपने मेंटर को बताएं, अपने क्रिएटिविटी को आगे बढ़ाएं और अपने प्रतिभा को निखरे। उन्होने कहा कि इस आयोजन से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयनित होने वाले विद्यार्थियों का जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में एन आई टी रायपुर की सहायक प्राध्यापक सुश्री सरवनी पुर्खयास्था, सीईओ एनआईटी रायपुर मेधा सिंह इक्यूबेशन मैनेजर सुनील देवांगन ने सीजी आइडियाथॉन 2025 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी एवं विद्यार्थियों के जिज्ञासाओ एवं प्रश्नों का समाधान किये। बताया गया कि सीजी आइडियाथॉन 2025 के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न संस्थानों एवं जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जिनके माध्यम से युवा नवप्रवर्तकों एवं स्टार्टअप्स के संभावनाशील विचारों की पहचान एवं संवर्धन किया जा रहा है । चयनित प्रतिभागियों को अपने नवाचारों का प्रदर्शन राज्योत्सव डेमो डे ङ्क पिचिंग इवेंट (नवंबर 2025 के प्रथम सप्ताह) में करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### यूपी के सहारनपुर में हुई जूजित्सू राष्ट्रीय प्रतियोगिता में

# नगर के 3 खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण व 1 रजत पदक जीता

**डोंगरगढ 17 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में हुई जूजित्सू राष्ट्रीय प्रतियोगिता में धर्मनगरी के तीन खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डोंगरगढ़ शहर का नाम रोशन किया है। सीनियर जूजित्सू राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे डोंगरगढ़ की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राणा वसुंधरा सिंह ने तीन अलग-अलग इवेंट में 03 स्वर्ण पदक पर कब्जा किया - 63 किलोग्राम नेवाजा में सभी मैच नॉकआउट करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया साथी फाइटिंग सिस्टम में भी स्वर्ण पदक प्राप्त इसके अलावा टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया । वही डोंगरगढ़ की एक और होनहार खिलाड़ी निधि वर्मा ने -57 किलोग्राम नेवाजा में फाइनल में मध्य प्रदेश को नॉकआउट में



हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक प्राप्त किया इसके अलावा टीम इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया पुरुष वर्ग में 56 किलोग्राम वजन समूह में नेवाजा में अनुज दम्मानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वही कांटेक्ट फाइट में रजत पदक प्राप्त किया टीम के प्रमुख कोच राणा अजय सिंह ने जानकारी दी की प्रतियोगिता से पूर्व नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को डोपिंग की जानकारी दी साथी बताया कि किसी भी खिलाड़ी के यूरिन एवं ब्लड की जांच हो सकती है खिलाड़ी जीतने के लिए दवाइयो का सेवन करते हैं ऐसा पाए जाने पर खिलाड़ियों को बैन कर दिया जाता है एजेंसी द्वारा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आहार की विशेष जानकारी दी गई।

डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में सभी विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया जिसमें जिला संघ के सचिव तरुण वरकडे प्रदेश सह सचिव बाबूराव जनबंधु क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर राजेश दम्मानी एवं बड़ी संख्या में पालक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

इस उपलब्धि पर जिला संघ के अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी चंद्रहास साहू श्रीमती पूनम टेम्बूरकर त्रिलोक जंभुलकर सभी ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

# अनुशासन की मिसाल फिर पेश की गई

## संपादकीय

कोई भी राजनीतिक दल तब ही मजबूत होता है जब उसमें अनुशासन होता है। जब उसमें सोच होती है व्यक्तिगत हित से ऊपर पार्टी का हित है। जब व्यक्तिगत हित से पार्टी के लोग पार्टी हित को ज्यादा महत्व देते हैं तो पार्टी मजबूत होती है, पार्टी एकजुट रहती है। वह एक लक्ष्य के लिए काम कर पाती है और लक्ष्य को निश्चित रूप से हासिल भी कर पाती है। गुजरात में भाजपा इसी वजह से चुनाव के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहती है। भाजपा गुजरात में मोदी के पीएम के रूप में दिल्ली चले जाने के बाद भी मजबूत है, हर चुनाव जीत रही है तो उसके पीछे यही मूलमंत्र है कि व्यक्तिगत हित बाद में है, पार्टी का हित पहले है। पार्टी में जब भी गुजरात के मंत्रियों से इस्तीफा मांगा जाता है तो एक मंत्री भी नहीं कहता है कि मैं इस्तीफा नहीं दूंगा, जब भी पार्टी हित में इस्तीफा मांगा जाता है तो सारे मंत्री सहर्ष इस्तीफा देने को तैयार हो जाते हैं। कोई नहीं कहता है कि यह तो गलत बात है, कोई नहीं कहता है कि सभी मंत्रियों से इस्तीफा लेने की जरूरत क्या है, जिन मंत्रियों ने अच्छा काम नहीं किया है,उन मंत्रियों से इस्तीफा लिया जाए। जिन मंत्रियों ने अच्छा काम किया है, उनसे इस्तीफा लेने की जरूरत क्या है। कोई नहीं कहता है कि मुझे तो मंत्री बने तीन ही साल हुए हैं। गुजरात में भाजपा राजनीति के नए प्रयोग करती रहती है। गुजरात में इससे पहले 2021 में इसी तरह सभी मंत्रियों से इस्तीफा लेकर नए चेहरों का मौका देकर चुनाव में जीत सुनिश्चित की गई थी। चुनाव के पहले भाजपा को गुजरात में जब भी लगता है कुछ मंत्रियों के कारण सरकार के खिलाफ नाराजगी है तो वह चाहे तो कुछ मंत्रियों से इस्तीफा लेकर भी नए लोगों को मौका दे सकती है लेकिन कुछ ही लोगों के इस्तीफा लेने से पार्टी में मैसेज गलत जा सकता है, कुछ मंत्री नाराज हो सकते हैं। इसलिए सभी मंत्रियों से इस्तीफा लिया जाता है। ताकि मंत्रियों के लगे कि उसके साथ समान व्यवहार किया गया है। इसके बाद सीएम का यह विशेषाधिकार होता है वह किसे फिर से मंत्री बनाते हैं और किसे फिर से मंत्री नहीं बनाते हैं। गुजरात में ऐसा दूसरी बार किया गया है और भाजपा ही गुजरात में ऐसा दो बार कर चुकी है। एक बार इसका लाभ भाजपा को मिल चुका है। वह पुराने चेहरों को हटाकर जनता के सामने नए चेहरों को पेश कर जनता की नाराजगी को कम करने में सफल रही है तथा फिर से सरकार को सत्ता में वापस लाने में सफल रही है। माना जाता है कि जनता में नाराजगी कुछ पुराने चेहरों को लेकर होती है, भाजपा को यह पता रहता है कि किन चेहरों को लेकर जनता में नाराजगी है, वह उन चेहरों को बदल देती है तो जनता की नाराजगी या तो कम हो जाती है या खत्म हो जाती है।गुजरात में भाजपा का यह सत्ताविरोधी लहर से निपटने का आजमाया हुआ फार्मूला है। गुजरात को नो रिपीट फार्मूला अब तक तो सुपर हिट रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात की 182 में से 156 सीटें इसी फार्मूले को आजमा कर जीता था। 2027 में विधानसभा चुनाव होना है, इसलिए दो साल पहले भाजपा ने एक बार कुछ पुराने मंत्रियों को हटाकर नए मंत्री बना रही है। मंत्रियों की संख्या भी बढ़ा रही यानी जनता के सामने से कुछ पुराने चेहरों को हटाकर ज्यादा नए चेहरे पेश कर रही है। गुजरात में बीजेपी 1995 में पहली बार सत्ता में आई थी,उसके बाद से वह निरंतर सत्ता में बनी हुई है तो इसी तरह के नए नए प्रयोग करने के कारण और उसका प्रयोग सफल रहा है।27 के विधानसभा चुनाव के पहले 26 में होने वाले शहरी निकाय भी भाजपा के लिए जीतना जरूरी है। इसलिए भी मंत्रियों से इस्तीफे लेकर फिर से नए मंत्री बनाए जा रहे हैं। गुजरात में भाजपा ग्रामीण की जगह शहरों में ज्यादा मजबूत रही है, इसलिए उसे मजबूत बनाए रखने के लिए ही नए चेहरों को सामने लाकर जनता की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया गया है। राहुल गांधी भी गुजरात यानी मोदी के गढ़ में ही भाजपा को हराने का बड़ा सपना देख रहे हैं, इसके लिए वह आए दिन गुजरात का दौरा कर रहे हैं और गुजरात संगठन को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन गुजरात में उनके पास अब कोई बड़ा नेता या बड़ा चेहरा नहीं बचा है, इसलिए राहुल गांधी गुजरात में संगठन को मजबूत करने का प्रयास तो कर सकते हैं लेकिन कांग्रेस गुजरात में अब पहले जैसा संगठन तो बना नहीं सकती। राहुल गांधी के चेहरे पर ही वह चुनाव लड़ेगी और मोदी को हराने का सपना फिर एक बार देखेगी लेकिन हरा नहीं पाएगी।

# धनतेरस: समृद्धि का नहीं, संवेदना का उत्सव

धनतेरस

डॉ. सत्यवान सौरभ



**धनतेरस का अर्थ केवल 'धन' नहीं बल्कि 'ध्यान' भी है — ध्यान उस पर जो हमारे जीवन को सार्थक बनाता है। यह त्योहार हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि समृद्धि का असली अर्थ क्या है। अगर घर में प्रेम है, परिवार में एकता है, मन में शांति है, और समाज में करुणा है—तो यही सबसे बड़ा धन है। इसलिए इस धनतेरस पर केवल चाँदी की चमक नहीं, अपने मन की उजास बढ़ाइए। अपने भीतर के अंधकार को पहचानिए और प्रेम, संयम और सेवा का दीप जलाइए। यही होगी असली पूजा—जहाँ लक्ष्मी केवल तिजोरी में नहीं, व्यवहार में भी बसती है।**




धनतेरस का नाम लेते ही आंखों के सामने दीपों की उजास, सोने-चांदी की झिलमिलाहट, बाज़ारों का रौनकभरा शोर और पूजा की तैयारियों में जुटे घर-घर के दृश्य उभर आते हैं। यह दिन न केवल खरीदारी का त्योहार है, बल्कि भारतीय संस्कृति के गहरे दर्शन का प्रतीक भी है। यह वह दिन है जब लोग मानते हैं कि लक्ष्मी माता घर आएंगी, समृद्धि का आशीर्वाद देंगी, और दुर्भाग्य के अंधकार को मिटा देंगी। परंतु अगर हम इस पर्व के पीछे के दर्शन को गहराई से देखें, तो पाएंगे कि धनतेरस का अर्थ केवल सोना-चांदी खरीदना नहीं, बल्कि 'धन' की सही परिभाषा को समझना है। 'धन' शब्द संस्कृत के 'धना' से बना है, जिसका अर्थ केवल संपत्ति या पैसा नहीं बल्कि समृद्धि, सुख और संतोष का संगम है। प्राचीन ग्रंथों में धनतेरस को 'धनत्रयोदशी' कहा गया है — अर्थात धन और स्वास्थ्य दोनों की कामना का दिन। इसी दिन समुद्र मंथन से धनवंतरि देवता अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, जिन्होंने मानवता को स्वास्थ्य का वरदान दिया। यही कारण है कि इस दिन को आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। जब दुनिया धन को केवल भौतिक संपत्ति के रूप में देखती है, तब भारतीय दर्शन इसे शरीर, मन और आत्मा की समृद्धि के रूप में देखता है।

आज के समय में धनतेरस का रूप काफी बदल गया है। पहले जहां यह दिन दीप जलाने, घर साफ़ करने और देवी-देवताओं की पूजा का होता था, अब यह दिन शॉपिंग मॉल और ऑनलाइन सेल का प्रतीक बन गया है। धनतेरस आते ही लोग सोना, चांदी, कार, बाइक, फ्रिज, टीवी, मोबाइल—सब कुछ खरीदने की होड़ में लग जाते हैं। लेकिन क्या यही असली 'धन' है? क्या केवल महंगी वस्तुएं खरीदकर हम सच में समृद्ध हो जाते हैं? शायद नहीं। असली समृद्धि तो उस मन में है जो संतोष जानता है, उस घर में है जहां प्रेम की दीवारें मजबूत हैं, और उस समाज में है जहाँ सभी के पास रोटी, कपड़ा और सम्मान हो। धनतेरस हमें यह भी सिखाता है कि धन का उपयोग कैसा हो। जब धन भगवान धनवंतरि से जुड़ा हुआ है, तो इसका अर्थ यह भी है कि धन स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा के लिए होना चाहिए, न कि दिखावे और व्यर्थ विलासिता के लिए। लेकिन आज की हकीकत यह है कि लोग धनतेरस पर नई चीज़ें खरीदने के लिए कर्ज़ तक ले लेते हैं। त्योहार खुशियों का होना चाहिए, पर वह तनाव और तुलना का माध्यम बन जाता है। सोशल मीडिया पर कौन कितना खरीद रहा है, किसने कौन-सी गाड़ी ली—यह तुलना हमें भीतर से खोखला कर देती है। असली पूजा तो तब है जब हम अपने जीवन में संतुलन और संयम को जगह दें। एक समय था जब धनतेरस के अवसर पर लोग मिट्टी के दीप, तांबे या पीतल के बर्तन खरीदते थे। यह परंपरा केवल प्रतीकात्मक नहीं थी, बल्कि वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण थी। मिट्टी के दीप अंधकार मिटाने का प्रतीक हैं, और धातु के बर्तन स्वास्थ्य व सकारात्मक ऊर्जा का। लेकिन अब इन बर्तनों की जगह चमकदार चाइनीज़ लाइट्स और प्लास्टिक के सजावटी सामान ने ले ली है। पहले जहां घरों में 'शुभ-लाभ' लिखकर दीवारें सजी होती थीं, अब 'डिस्काउंट' और 'कैशबैक' के बोर्ड झिलमिला रहे हैं। यह बदलाव केवल बाहरी नहीं, बल्कि हमारे भीतर के मूल्यबोध में भी आया है। धनतेरस का एक और गहरा संदेश है—'धन' और 'धर्म' के संतुलन का। यदि धन अधर्म के मार्ग से अर्जित किया गया है, तो वह कभी सुख नहीं दे सकता। महाभारत में कहा गया है—''धनं धर्मेण सञ्चयेत्'' यानी धन को धर्म के मार्ग से अर्जित करो। आज जब समाज में भ्रष्टाचार, लालच और अनैतिक कमाई बढ़ रही है, तब धनतेरस हमें याद दिलाता है कि असली पूजा वह नहीं जो सोने के दीपक से हो, बल्कि वह है जो ईमानदारी और परिश्रम से कमाए धन से की जाए। इस दिन जब हम दीप जलाते हैं, तो वह केवल बाहर का अंधकार नहीं मिटाता, बल्कि भीतर के लालच, ईर्ष्या और मोह के अंधकार को भी दूर करने का संदेश देता है। इस पर्व का एक आयुर्वेदिक और वैज्ञानिक पक्ष भी है। कार्तिक मास की त्रयोदशी के दिन मौसम बदलता है, सर्दी की शुरुआत होती है, और शरीर में रोगों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे समय में भगवान धनवंतरि की पूजा करना इस बात का प्रतीक है कि हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। धनतेरस का अर्थ केवल धन प्राप्ति नहीं, बल्कि दीर्घायु, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन की प्राप्ति भी है। जब शरीर स्वस्थ होगा, तभी जीवन में वास्तविक सुख और समृद्धि होगी। अगर हम अपने पुरखों की जीवनशैली देखें, तो वे त्योहारों को केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं मानते थे, बल्कि सामाजिक समरसता और पर्यावरण संतुलन का अवसर भी समझते थे। धनतेरस के दिन घरों की सफाई का चलन केवल देवी लक्ष्मी के स्वागत के लिए नहीं, बल्कि स्वच्छता के प्रतीक के रूप में भी था। दीप जलाना केवल अंधकार हटाने के लिए नहीं, बल्कि प्रदूषण कम करने और वातावरण को पवित्र करने का एक उपाय भी था। लेकिन आज सफाई की जगह सजावट ने ले ली है, और पवित्रता की जगह दिखावे ने। धनतेरस समाज में समानता का भी प्रतीक रहा है। पुराने समय में अमीर-गरीब सभी इस दिन अपने घरों में दीप जलाते थे। किसी के पास सोना-चांदी न हो तो वह मिट्टी का दीपक जलाकर भी अपनी श्रद्धा प्रकट करता था। आज यह भाव कम होता जा रहा है। त्योहार जो कभी सबको जोड़ता था, अब वर्गों में बाँट रहा है। मॉलों की चकाचौंध में झुग्गियों की अंधेरी रातें दब जाती हैं। यह सोचने की बात है कि अगर लक्ष्मी सच्चे मन से हर घर में आती हैं, तो इतने लोग भूखे क्यों हैं? इतने किसान कर्ज़ में क्यों मर रहे हैं? क्या हमने लक्ष्मी को केवल अमीरों की देवी बना दिया है? धनतेरस का वास्तविक संदेश यही है कि हमें धन का सही उपयोग करना सीखना चाहिए। यह दिन हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हमारा धन कितने लोगों के जीवन में रोशनी लाता है। अगर हम अपने धन से किसी गरीब की मदद करें, किसी बीमार के इलाज में सहयोग दें, किसी जरूरतमंद बच्चे की पढ़ाई में योगदान दें—तो वही असली धनतेरस होगी। लक्ष्मी तभी स्थायी होती हैं जब उनका उपयोग दूसरों की भलाई में होता है। वरना वह केवल कुछ समय की झिलमिलाहट बनकर रह जाती हैं। आज के युग में जब हम डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शॉपिंग और कृत्रिम रोशनी के बीच धनतेरस मना रहे हैं, तब यह और भी ज़रूरी है कि हम इस पर्व की आत्मा को पहचानें। यह पर्व हमें अपने घर के साथ-साथ अपने मन का भी 'क्लीनिंग डे' बनाने का अवसर देता है। अपने भीतर के लोभ, ईर्ष्या, स्वार्थ और दिखावे की धूल झाड़कर अगर हम मन में करुणा, ईमानदारी और प्रेम के दीप जला सकें, तो वही सच्चा धनतेरस होगा। धनतेरस केवल एक दिन नहीं, एक दृष्टिकोण है—जीवन को संतुलित, स्वास्थ्यपूर्ण और अर्थपूर्ण बनाने का दृष्टिकोण। यह हमें सिखाता है कि धन का मूल्य उसकी मात्रा में नहीं, बल्कि उसके प्रयोग में है। अगर हम धन को साधन बनाएँ, साध्य नहीं, तो वह जीवन में सौंदर्य और संतोष दोनों लाता है। लेकिन अगर वही धन हमें दूसरों से श्रेष्ठ दिखने की दौड़ में ले जाए, तो वह वरदान नहीं, अभिशाप बन जाता है। आज के समय में शायद सबसे बड़ा 'धन' यह है कि हम अपनी मानसिक शांति को बचा पाएँ। परिवार के साथ बैठकर मुस्कुरा सकें, कुछ समय अपनों को दे सकें, बुजुर्गों के चरण छूकर आशीर्वाद ले सकें—यह भी धनतेरस का ही भाव है। क्योंकि जो घर प्रेम और सम्मान से भरा हो, वहाँ लक्ष्मी अपने आप आ जाती हैं। त्योहारों की असली चमक सोने या चांदी की नहीं होती, वह मन की निर्मलता में होती है। दीपों की रोशनी बाहर तभी फैलेगी जब भीतर के दीप प्रज्वलित हों। इसलिए इस धनतेरस पर अगर आप कुछ खरीदना ही चाहें, तो अपने लिए संयम, करुणा और संतोष खरीदिए। यह वे अमूल्य वस्तुएं हैं जो कभी पुरानी नहीं पड़तीं, कभी चोरी नहीं होतीं, और जीवनभर समृद्धि देती हैं। धनतेरस का यह पर्व हमें हर वर्ष यह याद दिलाता है कि समृद्धि केवल धनवान बनने में नहीं, बल्कि मनवान बनने में है। जब हम अपने कर्मों से दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाते हैं, जब हम अपनी कमाई से किसी का अंधकार मिटाते हैं—तभी सच्चे अर्थों में 'धनतेरस' होती है। इसलिए दीप जलाइए, पर साथ ही किसी और के जीवन में भी उम्मीद का दीप जलाइए। यही इस पर्व का सबसे सुंदर संदेश है।

## सू- दोकू क्र.202

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.201का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -202


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक201का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने कामों पर ध्यान देकर आगे बढ़ना होगा। आपको तरक्की करते देख आपके कुछ मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं। आपके रुके हुए धन की पूर्ति काफी हद तक हो सकेगी। आप अपने घर की सुख सुविधाओं की चीजों की खरीदारी पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले। संतान को नौकरी में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से खुशी होगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कारोबार में आपके कुछ नए साथी बनेंगे। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होने से खुशी होगी। जीवनसाथी के लिए आप कोई मनपसंद गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आप किसी की कही सुनी बातों में आकर वाद विवाद में ना पड़े।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए इनकम के नए-नए रास्ते खलेगा। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आने से आपको भागदौड़ अधिक रहेगी। आपके खर्च भी बेतहाशा बढ़ सकते हैं। आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट प्लान ले सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो अपने सामान की सुरक्षा अवश्य करें।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। किसी कानूनी मामले में आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी। माताजी से आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकती हैं। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं फिर से सिर उठाएंगे। आपको किसी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको किसी पैतृक संपत्ति से अच्छा लाभ मिलेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। दान धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। आपकी यश व कीर्ति बढ़ेगी और आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आपको यदि कोई सेहत संबंधित समस्या चल रही थी, तो उससे भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। व्यापार में आज कोई बड़ा बदलाव आ सकता है, जो आपके फेवर में रहेगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए वाणी में व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आप कामों को लेकर जल्दबाजी बिल्कुल ना दिखाएं। शिक्षा में आज आप अच्छा नाम काम आएंगे । भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको कोई नई उपलब्धि हासिल हो सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी अच्छी पहल रहेगी। ऑफिस में भी आपको प्रमोशन आदि मिल सकता है। आज आपका किसी नए मकान आदि को खरीदने के डील फाइनल होगी

**तुला** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है। ऑफिस में आपके सहयोगी आपके कामो करने में पूरा सहयोग देंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने किसी पारिवारिक मामले को घर से बाहर नहीं जाने देना है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में ढील बिल्कुल ना दे, नहीं तो समस्याएं बढ़ेगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। आपने यदि कोई लोन लिया था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे।

**धनु** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कुछ नई योजनाएं भी बनाएंगे। आपको अपने किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलेगा। पिताजी से आप यदि कोई वादा करें, तो आपको उसे समय रहते पूरा करना होगा। आपको जीवनसाथी की भावनाओं को ठेस नहीं पहचानी है। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है।


**मकर** शुभ रंगः लालआज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने व्यापार के रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार में बच्चों के साथ आप कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। किसी की मदद के लिए आप कुछ रुपये का इंतजाम भी कर सकते हैं। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपकी किसी बात का बुरा मान सकता है, इसलिए आपको सोच समझ कर बोलना बेहतर होगा। आपको कहीं घूमने फिरने थोड़ा सोच समझ कर जाना होगा, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है।

**कुंभ** कुंभ राशि के जातकों की भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप धन उधार लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा। कार्यक्षेत्र में आपको मनपसंद काम मिल सकता है। आपकी किसी बात को लेकर कोई वाद विवाद खड़ा होने की संभावना है। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई बटवारा हो सकता है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने भाई से प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद विवाद में नहीं पढ़ना है। आपको कोई नए वाहन का सुख मिल सकता है।

# विश्व व्यापार का नया शीत युद्ध: भारत कहां खड़ा है?

हृदय मोहन



दुनिया में एक नया शीत युद्ध शुरू हो चुका है — यह टैंकों या मिसाइलों का नहीं, बल्कि व्यापार, तकनीक और संसाधनों का युद्ध है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते आर्थिक तनाव अब केवल दो महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा नहीं रहे; इनका असर पूरी दुनिया पर दिख रहा है, जिसमें भारत भी शामिल है।

सोया से लेकर सेमीकंडक्टर तकः चीन की चालें

हाल में चीन ने चुप-चाप अमेरिकी सोया की खरीद बंद कर दी, जबकि वह अमेरिका का लगभग 61% सबसे बड़ा खरीदार था। यह कदम कृषि क्षेत्र में अमेरिका को झटका देने वाला था। साथ ही, चीन ने दुर्लभ धातुओं (Rare Earths) के निर्यात को भी सीमित किया है — ये धातुएँ मोबाइल, बैटरी, रक्षा और हरित तकनीक के निर्माण में अनिवार्य हैं। इन कदमों से चीन ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब व्यापार और संसाधन केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक हथियार बन चुके हैं।

**अमेरिका का जवाबी वार**–चीन के इन कदमों के बाद अमेरिका ने भी 100% तक के नए टैरिफ लगाए, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों और हरित तकनीकों पर। इसके साथ ही चीन को उन्नत सेमीकंडक्टर तकनीक और एआई चिप्स बेचने पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं।

इन प्रतिबंधों का उद्देश्य चीन की तकनीकी प्रगति को रोकना और अपनी तकनीकी बढ़त को बनाए रखना है। इस तरह दोनों देश अब वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर नियंत्रण के लिए आर्थिक हथियारों से संघर्ष कर रहे हैं।

**विश्व व्यापार की नई परिभाषा**–वैश्वीकरण के दौर में माना गया था कि व्यापार सबको जोड़ता है, पर अब वही व्यापार भूराजनीतिक संघर्ष का माध्यम बन गया है। यह परस्पर निर्भरता अब एक आर्थिक युद्धभूमि में बदल चुकी है, जहाँ हर देश अपने संसाधनों और तकनीक को सुरक्षा नीति का हिस्सा मानने लगा है।

**भारत के लिए चेतावनी और अवसर**–इस ''व्यापार युद्ध'' में भारत के सामने दो रास्ते हैं — या तो किसी एक खेमे में झुकना, या फिर आत्मनिर्भरता और रणनीतिक साझेदारी के साथ संतुलित भूमिका निभाना। भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि सप्लाई चेन पर अत्यधिक निर्भरता एक जोखिम है। चाहे वह तेल हो, खाद्य तेल, दवा के कच्चे पदार्थ, या इलेक्ट्रॉनिक चिप — किसी भी एक देश पर निर्भरता भविष्य में संकट बन सकती है।

**आत्मनिर्भर भारतः आर्थिक सुरक्षा का आधार**–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ''आत्मनिर्भर भारत'' पहल अब केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी प्रश्न बन गई है। जब चीन और अमेरिका व्यापार को हथियार बना रहे हैं, तब भारत को अपनी उद्योगिक और तकनीकी आत्मनिर्भरता को मजबूती देनी होगी। भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण, हरित हाइड्रोजन, रक्षा उत्पादन और अंतरिक्ष तकनीक में कदम बढ़ाए हैं, परंतु अब जरूरी है कि इन क्षेत्रों में अनुसंधान, नवाचार और निर्यात प्रतिस्पर्धा पर समान बल दिया जाए।

**कृषि और ऊर्जा में नए अवसर**–चीन द्वारा अमेरिकी सोया न खरीदने से विश्व बाजार में कीमतें प्रभावित हुई हैं। यह भारत के लिए अवसर है कि वह तेलबीज, दाल और प्रोटीन आधारित कृषि उत्पादों के निर्यात में नई दिशा खोजे। इसी तरह, दुर्लभ खनिजों की खोज और प्रसंस्करण में भारत को ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के साथ साझेदारी बढ़ानी चाहिए, ताकि वह केवल चीन पर निर्भर न रहे।

**प्रौद्योगिकी और नीति में निर्णायक कदम**–भारत को यह समझना होगा कि आर्थिक आत्मनिर्भरता केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है; इसमें डेटा, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और नीति समन्वय भी शामिल हैं।

अमेरिका और चीन जिस तरह अपनी तकनीकी कंपनियों की रक्षा के लिए कठोर कानून बना रहे हैं, भारत को भी अपनी आर्थिक कूटनीति और नीति संरचना को उसी स्तर पर सशक्त बनाना होगा।

**भविष्य की दिशा**–विश्व व्यापार का यह नया शीत युद्ध आने वाले वर्षों में और तीव्र होगा। यूरोप, जापान, दक्षिण कोरिया और दक्षिण-पूर्व एशियाई देश पहले ही दबाव महसूस कर रहे हैं। भारत को इसमें न केवल टिकना है, बल्कि आगे बढ़ना भी है — संतुलन और स्वावलंबन की दोहरी नीति के साथ। भारत के पास जनसंख्या, बाजार और बौद्धिक पूंजी की ताकत है। अगर सही नीतियों से निवेश, अनुसंधान और उत्पादन को जोड़ा जाए, तो भारत न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला का विश्वसनीय केंद्र भी बन सकता है।

**निष्कर्षः आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा**–आज शक्ति की परिभाषा बदल गई है। हथियारों से अधिक प्रभावशाली है वह देश जो आपूर्ति श्रृंखलाओं और तकनीकी प्रवाहों को नियंत्रित कर सके। चीन ने यह दिखाया है कि व्यापार भी हथियार हो सकता है। भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि ''आत्मनिर्भर भारत'' केवल आत्मरक्षा का विचार नहीं, बल्कि आत्मशक्ति का मार्ग है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे इस नए शीत युद्ध के बीच, भारत को वही नीति अपनानी होगी जो उसे न तो किसी ध्रुव का अनुयायी बनाए, न किसी पर निर्भर।

क्योंकि इस युग में सच्ची शक्ति वही है—जो अपने आर्थिक भाग्य की चाबी स्वयं के हाथों में रखे।

# तोड़े गए 34 मकान के लिए अस्थायी आवास, भोजन एवं सहायता की व्यवस्था के लिए सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर 17 अक्टूबर।** विगत दिनों पहले रेलवे प्रशासन द्वारा संजय गांधी वार्ड में 34 मकान तोड़े जा चुके परिवारों के लिए अस्थायी आवास,भोजन एवं सहायता की व्यवस्था तथा पुनर्वास नीति हेतु आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की उपस्थिति में पार्षद संजय गांधी वार्ड व उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना के द्वारा बस्तर कलेक्टर एस हरीश को ज्ञापन सौंपा गया

पार्षद संजय गांधी वार्ड व उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना ने बताया कि संजय गांधी वार्ड क्रमांक 34 में हाल ही में किए गए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कई परिवारों के मकान तोड़े जा चुके हैं। इन प्रभावित परिवारों के समक्ष वर्तमान में आवास,भोजन एवं आवश्यक जीवनोपयोगी वस्तुओं की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

अतःकांग्रेस पार्टी आपसे मांग करती है कि- प्रभावित परिवार जिनकी संख्या लगभग 150 है



और जिनका घर तोड़ दिया गया है उन्हें पुनर्वास नीति के तहत उचित मुआवजा एवं स्थायी भूमि/आवास प्रदान किया जाए।प्रभावित परिवार जिनकी आवास रेलवे प्रशासन के द्वारा तोड़ा जाने वाला है संबंधित परिवारों कि व्यवस्थापन किए जाने तक तोड़ा ना जाए। इस दिशा में जिला प्रशासन मध्यस्थता कर रेलवे प्रशासन से पत्राचार कर इसे रोकने का प्रयास करें।प्रभावित नागरिकों के पुनर्वास एवं मुआवजा के लिए एक उचित नीति एवं योजना बनाई जाए, ताकि उन्हें पुनः बसने में सहायता मिल सके।स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया जाए कि प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उनकी संख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति एवं आवश्यकताओं की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करे।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया कि पूरे 34 परिवार सड़क पर स्थाई रूप से अपना जीवन यापन करने को मजबूर हो गया है न ही कोई पुनर्वास नीति अपनाई गई और न ही कोई विस्थापन योजना बनाई गई है जिसके कारण पीड़ित परिवार आज अपने घर से बेघर हो गया है... रेलवे प्रशासन द्वारा किया गया यह कृत्य बिल्कुल भी न्याय संगत नहीं है कांग्रेस पार्टी सभी पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी है और कांग्रेस पार्टी इनका पूर्ण समर्थन भी करती है. सामने दीपावली का पावन त्यौहार आने वाला है और यह 34 परिवार अपने पुनर्वास और विस्थापन हेतु दरदर भटकने को मजबूत हो चुका है इन मकानों में कई परिवार पिछले अनेक वर्षों से निवासरत हैं, जिन्होंने सभी आवश्यक नगर सेवाओं (जैसे जल, बिजली, कर आदि) के लिए भुगतान किया है। ऐसे में बिना पुनर्वास या विस्थापन योजना के अचानक की गई यह कार्रवाई मानवाधिकारों और न्याय के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि संजय गांधी वार्ड क्रमांक 34 में की गई कार्यवाही से पीड़ित परिवारों के लिए अस्थायी आवास, भोजन एवं आवश्यक सहायता की व्यवस्था की जाए।यदि वास्तव में यह अतिक्रमण क्षेत्र है, तो प्रभावित नागरिकों के पुनर्वास हेतु उचित नीति और मुआवजा योजना तैयार की जाए। जिसको लेकर आज बस्तर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,लता निषाद,विक्रम सिंह डांगी, सूर्योपानी, सुशीला बघेल, गुरमीत कौर, जस्टिन भवानी, राकेश मोर, कमलेश पाठक, एस नीला सहित बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### विकास और प्रीति को मिली एक लाख रुपए की दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन राशि

**कांकेर, 17 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन कल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगजनों को सहायता दी जा रही है। इसके तहत दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दिव्यांगजन के विवाह उपरांत प्रोत्साहन राशि प्रति हितग्राही 50 हजार रूपए की एकमुश्त स्वीकृत की जाती है, ताकि भावी जीवनयापन हेतु दिव्यांगजनों को आर्थिक मदद मिल सके। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि दिव्यांग दंपति श्री विकास कुमार व श्रीमति प्रीति साहू द्वारा विवाह के 06 महीने के भीतर दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन के लाभ हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर कार्यवाही करते हुए पति-पत्नी दोनों 80 प्रतिशत् श्रवणबाधित दिव्यांग होने पर दोनो को 50-50 हजार रूपए, कुल एक लाख रूपए की विवाह प्रोत्साहन राशि संचालक समाज कल्याण रायपुर द्वारा स्वीकृत की गयी है। राशि स्वीकृत होने पर दिव्यांग दम्पति द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं शासन की योजनाओं के प्रति भरोसा जताया है। ज्ञात हो कि इस दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना हेतु अनिवार्य पात्रता दिव्यांग 40 प्रतिशत् या उससे अधिक हो व आयकरदाता ना हो, जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम एवं विवाह सम्पन्न होने के अधिकतम 06 माह के भीतर आवेदन को जनपद, स्थानीय निकाय, उपसंचालक रामाज कल्याण में आवेदन कर सकते हैं।

### त्यौहारी सीजन में भानुप्रतापपुर, पखांजूर व चारामा में खाद्य सुरक्षा टीम की दबिश

**कांकेर, 17 अक्टूबर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में दीपावली त्यौहारी सीजन के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के द्वारा विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा विगत तीन दिनों में त्योहारों में अत्यधिक उपयोग होने वाली खाद्य सामग्रियों का परीक्षण कर जांच हेतु नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री भारतभूषण पटेल ने बताया कि जिले के भानुप्रतापपुर, चारामा एवं पखांजूर क्षेत्र में मिठाई, नमकीन, मावा, मैदा, तेल, घी जैसे खाद्य पदार्थों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल 18 नमूने जांच हेतु एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। जैसे ही जांच रिपोर्ट प्राप्त होगी, नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त चलित खाद्य प्रयोगशाला (मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन) की सहायता से स्थानीय होटलों, रेस्टोरेंट्स, डेयरियों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं तथा किराना दुकानों से कुल 128 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए और मौके पर ही उनकी प्रारंभिक जांच की गई। खासतौर पर अखबार में खाद्य सामग्री लपेटने वालों को सावधान किया गया और उनके उत्पादों में प्रयुक्त रंगों की भी विशेष जांच मौके पर की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि त्योहार के दौरान खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता और पैकिंग की विशेष जांच करें और किसी भी संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना तत्काल विभाग को दें।

### भाईदूज 23 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित

**कांकेर, 17 अक्टूबर।** राज्य शासन द्वारा 21 अक्टूबर मंगलवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फ्लस्वरूप जिला प्रशासन द्वारा उक्त दिवस के घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तन करते हुए उसके स्थान पर अब 23 अक्टूबर गुरूवार को भाईदूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय, उप कोषालय पर लागू नहीं होगा।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर, 17 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कांकेर अंतर्गत एमजी वार्ड निवासी 03 वर्षीय हिमांशु बाल्मिकी की नदी मे डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता श्री शेखर और श्रीमती आभा को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि हितग्राही के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### विधानसभा अध्यक्ष ने प्रयास आवासीय विद्यालय का किया शुभारंभ

# जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें : रमन सिंह

**राजनांदगांव 17 अक्टूबर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज गौरव पथ स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत वर्ष 2010 से प्रयास आवासीय विद्यालयों की स्थापना की शुरूआत हुई थी और आज पूरे छत्तीसगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालयों का विस्तार हो रहा है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में स्कूली शिक्षा के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने कहा और उस लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करने कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध और प्रेरणादायक कथन उठो, जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए के माध्यम से जीवन का मूल मंत्र दिया और कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए धैर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति होना भी आवश्यक है। रविन्द्र नाथ टैगोर के प्रसिद्ध प्रेरणादायी कथन सागर केवल खड़े होकर देखने से पार नहीं किया जा सकता, सागर में उतरना पड़ता है के माध्यम से बच्चों को जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों को किताबें एवं अन्य सामग्री का वितरण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वी से 12वीं तक के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शिक्षकों द्वारा शिक्षक-प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा, बीजापुर जिले में



संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के बच्चों ने इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर बनकर तथा विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बना सकते है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बनाने के लिए अलग-अलग परीक्षाओं का आयोजन होता है और कॉलेज में जाने के बाद जीवन के चार साल जीवन का कठिन समय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप बीजापुर, दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से आए है। आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ का मार्गदर्शन आप सभी को मिलेगा। मैं अभिभावक के तौर पर मार्गदर्शन देते रहूंगा। कठिन परिश्रम और प्रयास से निश्चित रूप से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आप सभी ग्रामीण अंचलों से आए है और आपके अभिभावकों को आपसे बहुत उम्मीदे हैं। सफल होने के लिए जीवटता एवं ताकत होनी चाहिए। कही असफलता मिले, तो इसे चुनौती मानकर स्वीकार करें। जीवन में डर एवं भय नहीं होना चाहिए। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को साझा करते हुए बताया कि डॉ. कलाम पायलेट बनना चाहते थे, लेकिन नहीं बन पाये। बाद में वे एक सफल वैज्ञानिक तथा देश के राष्ट्रपति बने। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने पायलेट के रूप में विमान चलाया। उन्होंने कहा कि हार से डरना नहीं है, इससे बेहतर करें और हिम्मत से जूझे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को बच्चों ने लक्ष्य एवं सपनों के बारे में बताया। किसी ने एयरो इंजीनियरिंग स्पेशलिस्ट बनने, तो किसी ने डॉक्टर बनने की बात बताई। विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बड़े सपने देखे और उन सपनों को पूरा करने के लिए दृढ़ विश्वास से आगे बढ़े।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में प्रारंभ हो गया है। प्रारंभिक सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में 50 बालिका एवं 75 बालक कुल 175 स्वीकृत सीट है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से बच्चों ने यहां प्रवेश लिया है। आने वाले समय में प्रयास आवासीय विद्यालय में और भी बेहतर कार्य होंगे। बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता के लिए विशेष तौर पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बालिकाओं के हॉस्टल में महिलाओं की ड्यूटी लगाने कहा तथा प्रयास आवासीय विद्यालय में बाऊंण्ड्रीवाल बनाने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय के माध्यम से आपके कैरियर में एक नया दरवाजा खुल गया है। जिससे आपको उन्नति के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। देश के भविष्य के लिए आप सभी बच्चे अच्छा कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर बच्चों को एक अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा अंतर्गत प्रयास प्रारंभ किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं जेईई, नीट, सीएलएटी, पीईटी में सफल होने हेतु सक्षम बनाकार व्यावसायिक उच्च शैक्षणिक संस्थान आईआईटी, नीट, आईआईआईटी, एमबीबीएस में प्रवेश कराकर उनकी जीवन में स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किया गया। इस सत्र में 113 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव एवं समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।

### अश्विनी को मिला पक्का मकान

**राजनांदगांव 17 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के माध्यम से राजनांदगांव शहर में कुल 7956 आवासो की स्वीकृति बी.एल.सी. (हितग्राही द्वारा स्वयं से आवास निर्माण) के तहत शासन से प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति के विरूद्ध महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वमकर्मा के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न वार्डो में 7740 आवासो का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा 216 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। आवास योजना का लाभ लेकर स्वयं के आवास में रहने वाले शहर के वार्ड क्र. 34 कन्हारपुरी रहवासी रोजी मजदूरी करने वाले श्री अश्वनी विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय श्री आनंद विश्वकर्मा की कहानी है। शहर के ग्रामीण वार्ड 34 में एक मिट्टी के कच्चे घर में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले विश्वकर्मा परिवार अपनी आप-बीती बताते हैं कि बारिश का मौसम सभी के लिए फुंआरों में मौज करने का समय होता है, पर बारिश हमारे परिवार के लिए सदा एक मुसीबत का कारण बनकर आती थी। कच्चा घर जिसकी चारों दीवारों मिट्टी की बनी थी, हर बार घर के पीछे पानी एकत्रित होने से पीछे की दीवार गिर जाती थी, बारिश में एक तो निर्माण कार्य नहीं होने से मजदूरी का कार्य नहीं चलता था, तंगहाली रहती थी, दूसरा हर वर्ष बारिश में यह नुकसान हमारे जीवन को जीना दू-भर कर रखा था।

## अब गली, पान दुकान में बिक रहा नशे का सामान

**तिल्दा नेवरा 17 अक्टूबर।** औद्योगिक क्षेत्र के साथ साथ बढ़ती जनसंख्या इस वक्त देश के कोने कोने से लोग आस पास के उद्योगों में कार्य कर रहे है बड़े बड़े प्लांटों के आस पास शराब गांजे सहित मादक पदार्थों की बिक्री जहां बढ़ी है तिल्दा नेवरा में सूखे गांजे का कारोबार जारी है युवा वर्ग हुक्का इलेक्ट्रॉनिक से नशे को अंजाम दे रहे है तो नशे की गोलियां इंजेक्शन जैसे बीमारी धड़ले से जारी है। आम नागरिक इस कदर परेशान है कि नशा का कारोबारी इतने बदमाश होते है कि मोहल्ला में इन के खिलाफ आवाज उठाने से लोग घबरा जाते है। सिंधी कैम्प तिल्दा टॉकीज के आस पास महाविद्याल हाई स्कूल गांधी चौक सुभाष चौक मंडी चौक ऐसे स्थान है जहां खुलने में नशे का सामान मिल रहा है पंडित दीनदयाल चौक खरोरा रोड साशाहोली आदि स्थानों में शराब और नशे के समान कुछ संदिग्ध स्थानों में मिल रहे है नगर के युवा वर्ग इस कदर नशे के आदि है कि स्कूल परिसरों के आस पास स्कूल ड्रेस में नशा करते देखे जा सकते है। तिल्दा नेवरा इस वक्त बड़ी मंडी का रूप ले चुका है जहां अपराध भी आए दिन हो रहे है समाज को इन मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों को बेनकाब करना होगा। हालांकि शासन नशे के खिलाफ अभियान चला रहा है लेकिन समाज के एक मुठ्ठी लोग ही समाज ओर नई पीढ़ी को बर्बाद चंद पेसो के लिए कर रहे है। सैकड़ों परिवार आज नगर में सट्टे के कारोबार से परेशान है सूत्रों का कहना है कि करोड़ों का सट्टे का कारोबार इस नगर में होता है और सैकड़ों युवा परिवार को बर्बाद कर चुके है इस में छोटे से बड़े परिवार है। अब समय आ गया है जन मानस को नशे के विरोध में लोगों को जागृत करना होगा । हालांकि छत्तीसगढ़ सरकार और पुलिस प्रशासन नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही हैं समय समय पुलिस शराब और मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों पर कार्यवाही भी कर रही है

## समाचार संक्षेप

### सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर, 17 अक्टूबर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। कक्षा 6 वीं और कक्षा नवमी में प्रवेश के इच्छुक छात्र आधिकारिक वेबसाइट e&ams.nta.nic.in के माध्यम से 30 अक्टूबर 2025 तक फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है, जबकि फॉर्म में सुधार के लिए करेक्शन विंडो 2 से 4 नवंबर 2025 तक खुली रहेगी। प्रवेश परीक्षा अगले साल जनवरी 2026 में देश भर के विभिन्न केंद्रों पर ओएमआर शीट पर पेन और पेपर मोड में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा सभी इच्छुक छात्रों और अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे विस्तृत पात्रता मानदंड, परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम की जानकारी के लिए आधिकारिक AISSEE 2026 सूचना बुलेटिन का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें। साथ ही किसी भी जानकारी के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के हेल्प डेस्क हेल्पलाइन नंबर 011-40759000 पर कॉल कर सकते हैं अथवा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के मेल आईडी aissee@nta.ac.in पर मेल कर सकते हैं।

### शासकीय कार्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि आबंटन, 24 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति

**जगदलपुर, 17 अक्टूबर।** जिला पंजीयक जिला बस्तर जगदलपुर द्वारा जगदलपुर शहर में स्थित मोहल्ला फ्रेजरपुर के नजूल शीट क्र 66 भू-खण्ड क्र. 1/2 क्षेत्रफल 292190 वर्गफुट में से 5000 वर्गफुट भूमि पर शासकीय कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का आपत्ति-दावा हो तो नियत पेशी 24 अक्टूबर 2025 तक स्वंय या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी जगदलपुर में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नजूल अधिकारी ने बताया कि निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा-आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर तोकापाल में लगा कुष्ठ विकृति सुधार एवं त्वचा जांच शिविर



**जगदलपुर, 17 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी मंशा के अनुरूप और राज्य शासन स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल में एक महत्वपूर्ण कुष्ठ विकृति सुधार एवं त्वचा जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वास्थ्य विभाग को 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक चरणबद्ध रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के प्राप्त निर्देशों की श्रृंखला का एक हिस्सा था। शिविर में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें बस्तर संभाग डॉ. महेश शांडिया, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. व्ही. के. ठाकुर तथा पूरे आयोजन का मार्गदर्शन खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोगियों को आवश्यक सेवाएँ और उपचार उपलब्ध कराना था। इस दौरान उपस्थित 10 उपचाररत एवं अक्षमता वाले कुष्ठ मरीजों का विकृति सुधार हेतु महत्वपूर्ण जल-तेल उपचार किया गया। साथ ही शिविर में आए अनेक त्वचा रोग वाले मरीजों की भी जांच की गई, जिसमें एक बड़ी सफलता मिली। जांच के दौरान 01 मरीज में कुष्ठ रोग की पुष्टि हुई, जिसे तत्काल उपचार प्रदान कर रोग से सम्बंधित आवश्यक जानकारी दी गई। तोकापाल में अक्षमता एवं विकृति सुधार हेतु प्रति सोमवार को नियमित रूप से जल-तेल उपचार शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसका लाभ मरीज उठा सकते हैं। शिविर को सफलतापूर्वक संपादित करने में कुष्ठ सहायक शिव नारायण पाण्डे, बीपीएम अल्का वैद्य, मलेरिया निरीक्षक सुदर्शन कश्यप एवं जगदलपुर से आए राजन माली तथा अन्य स्वास्थ्य अमले की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही। यह शिविर रजत जयंती वर्ष में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने के राज्य सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

# नियमों की अवहेलना करने पर 15 अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन किया निरस्त

**नियमों का पालन नहीं करने पर पांच निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर एक लाख रुपए का जुर्माना**

**जगदलपुर 17 अक्टूबर।** बस्तर जिले में संचालित निजी स्वास्थ्य केन्द्रों, डायग्नोस्टिक लैब, कलेक्शन सेंटर इत्यादि के सम्बन्ध में जिला नर्सिंग होम एक्ट समिति के द्वारा निरीक्षण कार्यवाही के दौरान नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन सहित विपरीत कार्य करने एवं नियमों के पालन में कमियां पाये जाने के कारण 5 निजी स्वास्थ्य संस्थानों से प्रति संस्था 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए कुल एक लाख रुपए का जुर्माना की अनुशंसा की गई है।

इसके तहत स्पर्श पॉलीक्लीनिक, स्पर्श पैथोलॉजी लैब, बालाजी पॉलीक्लीनिक, मेडिकेयर पैथोलॉजी लैब एवं बालाजी डायग्नोस्टिक सर्विसेस पर जुर्माना लगाने की अनुशंसा जिला नर्सिंग होम एक्ट समिति के द्वारा की गई है। साथ ही नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत लंबित आवेदनों के विषय में समिति द्वारा आवेदनों का अवलोकन करने सहित अपूर्ण तथा नियमों से संबंधित अर्हता पूर्ण नहीं होने के कारण 15 निजी स्वास्थ्य संस्थानों के पंजीयन संबंधी आवेदन पत्रों को अस्वीकृत करने की अनुशंसा की गई है, जिसमें वशिष्ठ आयुर्वेदिक क्लीनिक धरमपुरा से संबंधित कलेक्शन सेंटर, संजीवनी क्लीनिक नगरनार, डॉ गोपेश कुमार क्लीनिक पुराना गीदम रोड, पंजाब पॉलीक्लिनिक प्रताप देव वार्ड, स्वास्थ्य हित पॉलीक्लिनिक सेमरा, प्रियांश पॉलीक्लिनिक परपा नाका, डॉ हेमंत कुमार कलेक्शन सेंटर बालाजी वार्ड, डॉ सोनी अर्हता भैरम देव वार्ड आदि शामिल हैं।

### कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई: नोडल अधिकारी

जिला नर्सिंग होम एक्ट समिति के नोडल अधिकारी डॉ भंवर शर्मा ने बताया कि संस्थाओं का आवेदन अस्वीकार करने की अनुशंसा जिला समिति द्वारा की गई है। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिला समिति के द्वारा कार्ययोजना बनाकर ऐसी संस्थाएं, जो बिना उचित पंजीयन के राज्य के बाहर के चिकित्सकों के माध्यम से सेवाएं दे रहे है।

### स्व सहायता महिला समूहों के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन

# कांकेर ब्लॉक की दीदियां समूह से जुड़कर बेहतर आय अर्जित कर रहीं : नेताम

**कांकेर, 17 अक्टूबर।** ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहान कार्यक्रम अंतर्गत गठित महिला स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय वार्षिक आमसभा महिला अधिवेशन 15 एवं 16 अक्टूबर को आयोजित किया गया, जिसमें कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशाराम नेताम ने शामिल होकर समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि कांकेर विकासखण्ड की महिलाएं विभिन्न स्व-सहायता समूहों से जुड़कर एक ओर अपनी निश्चित आय अर्जित कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर आत्मनिर्भरता के शिखर की ओर लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से



संबल और सुदृढ़ बनाने विभिन्न योजनाएं संचालित कर हर संभव सहायता कर रहे हैं। इस दौरान विधायक श्री नेताम ने सभी महिलाओं को अपनी शुभकामनाएं दीं।

उक्त अधिवेशन में चार कलस्टर संगठन के 94 ग्राम संगठन पदाधिकारी, पीआरपी तथा सभी कैडर उपस्थित थे। इस दौरान समूह की महिलाओं के द्वारा विभिन्न गतिविधियों खेल, नाटक, सफलता की कहानी, गीत आदि के माध्यम से समूह से जुड़ने से लेकर अब तक के सफलतापूर्वक सफर के बारे में बारी-बारी से जानकारी दी। साथ ही स्थायी आजीविका, स्वरोजगार, स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देना तथा स्थानीय बाजार से विक्रय कर आय अर्जित करने सहित नशा मुक्ति अभियान, वित्तीय साक्षरता, लखपति दीदी एवं कौशल विकास के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित जनपद पंचायत कांकेर की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा कावड़े, उपाध्यक्ष श्रीमती तारूणी ठाकुर आदि ने भी महिलाओं को अपने सारगर्भित उद्बोधन से प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि उक्त दो दिवसीय अधिवेशन के पहले दिन दो कलस्टर आदर्श महिला कलस्टर संगठन गढ़पिछवाड़ी (सिंगारभाट), कंचन महिला कलस्टर संगठन बारदेवरी और आज दूसरे दिनमहानदी महिला कलस्टर संगठन माकडीखूना एवं जागरूक महिला कलस्टर संगठन धनेलीकन्हार की महिलाएं इसमें सम्मिलित हुई। अधिवेशन में जनपद पंचायत कांकेर के सीइओ श्री अश्वनी यादव, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

एक नजर

### अवैध शराब की तस्करी करते दो शराब तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े




**डोंगरगढ़ 17 अक्टूबर।** पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री में लगाम लगाने शराब कोचियों/तस्करों पर नजर रखने के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर थाना डोंगरगढ़ द्वारा कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर बुधवार को शासकीय वाहन के सहारे पुलिस जवान थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते हुये ग्राम मुरमुंदा के तरफ से डोंगरगढ की ओर आ रहे थे तभी एक मोटर सायकल मे दो व्यक्ति मेढा की तरफसे तेज गति वाहन चलाते डोंगरगढ की तरफ जा रहे थे जो अपने मोटरसाइकिल के बीच मे कुछ समान रखे हुए थे और पुलिस की गाडी को देखकर अपनी मोटर सायकल की गति को और बढाने लगे जिस पर वाहन को रोकने हेतु सायरन देते हुये रोकवाने का प्रयास किया गया जिस पर मोटरसाइकिल चालक द्वारा अपनी स्पीड और बढाने लगा । वहीं पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर 01 किलोमिटर डोंगरगगढ से पिपरिया तिराहा अंधेरे होने की वजह से दोनो व्यक्ति अपनी मोटर साइकिल से गिर गये जिससे मौके पर दोनो व्यक्तियो को पकडा गया व नाम पता पुछने पर अपना नाम रंजन निषाद पिता महेश निषद उम्र 25 साल साकिन निवासी ग्राम मेढा थाना डोंगरगढ़ पप्पु निषाद पिता महराजी निषाद उम्र 27 साल ग्राम मालडोंगरी थाना छुरिया बताया गया जिसके कब्जे से एक बड़ा सा लाल कलर का थैला जिसमें सुरूची लिखा था और चेक करने पर थैला के अंदर जिसमे 50 पौवा शेरा देशी मदिरा कुल मात्रा 9.000 बल्क लिटर अनुमानित कीमत 4500 रू एवं 07 नग बाम्बे गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल मात्रा-1.260 बल्क लिटर कीमत 840 रू एवं मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक-सीजी 08 एन बी 2254 कीमत लगभग 30,000 रू को जप्त किया गाया है। पुलिस ने इस मामले में दोनों शराब तस्करों के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कार ज्यु0 रिमार्ड पर भेजा गया है।

# नेहरू महाविद्यालय में मंच निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन



**डोंगरगढ़ 17 अक्टूबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 16 अक्टूबर को महाविद्यालय के नवीन भवन के सी ब्लॉक में सांस्कृतिक एवं विभागीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु मंच निर्माण के लिए भूमि पूजन विधिवत संपन्न हुआ। यह निर्माण कार्य महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन-अर्चन के साथ किया गया।इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, नगर पालिका अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष रमन डोंगरे, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती ई वी रेवती सहित प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच निर्माण से महाविद्यालय में सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं विभागीय गतिविधियों के आयोजन में और अधिक सुविधा प्राप्त होगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए एक सुसज्जित मंच उपलब्ध होगा। महाविद्यालय की सांस्कृतिक प्रगति और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में होगा सहायक -सुनील जैन

कार्यक्रम के दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष=सुनील जैन ने कहा कि महाविद्यालय की सांस्कृतिक प्रगति और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए यह मंच अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।÷ वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय नगर का गौरव है, और इसके विकास में हर संभव सहयोग किया जाएगा। महाविद्यालय परिवार ने जनभागीदारी समिति एवं नगर पालिका के इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन के साथ महाविद्यालय में विकास की दिशा में एक और नया अध्याय जुड़ गया है।

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक

**राजनांदगांव 17 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने राजस्व प्रकरणों की अनुविभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण सहित अन्य राजस्व प्रकरण का निर्धारित समय में समाधान करें। सभी राजस्व अधिकारी कार्यालय में समय पर उपस्थित रहेंगे।

# ग्राम पंचायत बछेरा में आदिवासी भवन का लोकार्पण शिवरतन शर्मा ने किया



**सिमगा 17 अक्टूबर।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा मैं क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए हमेशा उपस्थित रहता हूं जनता जिस काम को कहती है उसे मैं पूरा करने का प्रयास करता हूं और आप सब के सहयोग से इस ग्राम पंचायत को 2013 के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोटो से मैं जीता था लेकिन 2018 में मैं इस ग्राम पंचायत में चुनाव हार गया 2023 में हम बराबर में रहे श्री शर्मा ने कहा आखिर क्यों जनता समझने का प्रयास नहीं करती जब आपको काम रहता है गांव का विकास करना रहता है सड़क निर्माण करवाना रहता है भवन निर्माण करवाना रहता है पेयजल की व्यवस्था करवानी रहती है आता निर्माण करना रहता है नया पंचायत भवन बनाना रहता है तो सारा आवेदन मेरे पास आता है आप लोग मुझसे उम्मीद करते हैं कि मैं इस गांव का विकास करूं लेकिन पूरे गांव में संपूर्ण विकास के बाद भी जनता भारतीय जनता पार्टी परिवार से जुड़ने का प्रयास नहीं करती आखिर इसका क्या कारण है श्री शर्मा ने कहा अभी आपके सरपंच महोदय ने एक करोड़ की मांग विकास कार्यों के लिए की मैं आप सबको अस्वस्थ करता हूं जिस दिन मैं महतारी सदन के लोकार्पण करके में उपस्थित होगा आप सब की मांग को जरूर पूरी करूंगा मुझे विकास करने में कोई भी तकलीफनहीं है बस फर्क यह है आप मुझसे मांग रहे हो अब मैं विधायक नहीं हूं क्षेत्र का तो मुझे भी मंत्रियों के पास आपके विकास कार्यों के कार्य को मांगना पड़ेगा श्री शर्मा ने कहा मैं हमेशा जनता की सेवा के लिए उपलब्ध रहता हूं चुनाव जीतू या हारून इससे कोई फर्क नहीं पड़ता मैं आपके बीच में हमेशा उपस्थित रहता हूं लेकिन जिस विधायक को अपने चुनाव जीत कर भेजा है 20 महीने बाद आपके गांव में अगर एक भी विकास का कार्य कराया हो तो आप मुझे बताइए यह एक बार भी आपके गांव में आए हो तो बताइए आप उनसे प्रश्न क्यों नहीं पूछते या जो लोग कांग्रेस का काम करते हैं उनसे क्यों नहीं पूछते कि जिस पार्टी के लिए अपने वोट मांगा है उसे पार्टी ने गांव के अंदर में कौन सा विकास कार्य कराया है उसे पार्टी के विधायक कहां है श्री शर्मा ने उपस्थित सभी ग्राम वासियों को कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बुलाने के लिए दिल से धन्यवाद दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं किसान नेता भाटापारा विधानसभा अनिल पांडे ने कहा जनता जनार्दन होती है जिसको चाहे राजनीति में बैठल देती है जिसको चाहे राजगद्दी से उतार देती है आप सब के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी की सरकार की छत्तीसगढ़ प्रदेश में बनी लेकिन आप सब ने चुप कर दिया आपने भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का विधायक नहीं बनाया आज अगर भारतीय जनता पार्टी का विधायक भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में रहता तो निश्चित तौर पर विकास की गंगा बहती श्री पांडे ने कहा भारतीय जनता पार्टी जो कहती है उसको पूरा करने का प्रयास करती है चाहे वह 2 साल का बकाया बोनस की बात हो चाहे ?3100 में धान खरीदी की बात हो चाहे धान खरीदी के बाद समर्थन मूल्य की अंतर की पूरी राशि एक मस्त खाते में डालने की बात हो चाहे राम मंदिर निर्माण करने की बात हो चाहे धारा 370 हटाने की बात हो चाहे प्रधानमंत्री आवास की बात हो भारतीय जनता पार्टी अपने वादा को पूरा करती है श्री पांडे ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि नशा खराब चीज है और आज की युवा पीढ़ी सुख नशे की तरफ बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है अगर मां-बाप अपने बच्चों के ऊपर ध्यान नहीं देंगे तो आने वाले समय में यह बच्चे हाथ से निकल जाएंगे मैं उपस्थित सभी माता-पिता से निवेदन करूंगा कि आप सभी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें और नशे से उनको दूर रखें नशा जीवन को बर्बाद कर देती है श्री पांडे ने उपस्थित सभी ग्राम वासियों को कहा कि आप सभी का इसलिए और प्यार हमेशा भारतीय जनता पार्टी के तरफ रहता है लेकिन विधानसभा चुनाव में पता नहीं क्यों आप थोड़ी सी चुप कर देते हो आप सब से निवेदन है कि गलती की पुर्नवृत्ति ना हो और आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का विधायक इस क्षेत्र से बने आप सब ने मुझे कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में बुलाया आप सबको मैं दिल से धन्यवाद देता हूं कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदा बाजार भाटापारा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव जिला के उपाध्यक्ष सुनील यादव सिमगा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के सरपंच कमलेश साहू ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गांव की सरपंच प्रभाव विजय साहू उपसरपंच प्रमोद यादव डॉक्टर धन्नू साहू दयाराम साहू दशरथ निषाद धनुष वासुदेव अनूप तिवारी पीतांबर सोनकर नीलकंठ यादव एवं आदिवासी समाज के अध्यक्ष प्रमुख गण एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

### संतुलित आहार ही स्वस्थ समाज की नींव है:दौलत राम पाल



**सिमगा, 15 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग सिमगा द्वारा आज परियोजना स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल उपस्थित रहे। अध्यक्ष अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अनिल पांडे, जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे.सिमगा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी जिला महामंत्री श्री हेम सिंह चौहान, महिला एवं बाल विकास सभापति श्रीमती वीना हरिशंकर वर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती पुष्पा चेलक,श्री अश्वनी पाल, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज टोंडे तथा ग्राम पंचायत कुकराचुंदा के सरपंच श्री रामकृष्ण ध्रुव उपस्थित रहे।कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्री गेंदराम नारंग सहित समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुई।कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल जी ने सही पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संतुलित आहार ही स्वस्थ समाज की नींव है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अनिल पांडे जी ने राष्ट्रीय पोषण माह के महत्व पर चर्चा करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वहीं जनपद सभापति श्री चंद्रप्रकाश टोंडे जी ने बच्चों में कुपोषण उन्मूलन तथा शाला पूर्व शिक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा शाला पूर्व शिक्षा में प्रयुक्त शिक्षण सामग्री एवं रेडी टू ईट से बने पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं जनसमूह द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

## व्यापार

एक नजर

### मिडास हॉस्पिटल को वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली

**रायपुर 17 अक्टूबर।** नागपुर के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक,मिडास हॉस्पिटल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसे वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूईओ) ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली है। यह मान्यता अमेरिका के प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ और डब्ल्यूईओ आउटरीच कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलविंदर दुआ द्वारा दी जाएगी। इस अवसर पर मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रिबन काटने के साथ प्रमाणपत्र और प्लेक का अनावरण किया गया। वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर की यह प्रतिष्ठित मान्यता डॉ. कुलविंदर दुआ ने मिडास हॉस्पिटल के डायरेक्टर, डॉ. श्रीकांत मुकेवार और डॉ. सौरभ मुकेवार को प्रदान की।अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. कुलविंदर दुआ, अमेरिका के विस्कॉन्सिन मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी प्रोफेसर और प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ, एंडोस्कोपी से जुड़ी नवीनतम तकनीक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे।

### अक्टूबर में एफआईआई ने भारतीय बाजारों में किया 10,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर (एजेंसी)।**भारतीय शेयर बाजारों में महीनों की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों का भरोसा फिर से बढ़ता जा रहा है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच, विदेशी संस्थागत निवेशक पिछले सात कारोबारी सत्रों में से पांच में शुद्ध खरीदार रहे और उन्होंने सेकेंडरी मार्केट में 3,000 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर खरीदे। आंकड़ों के अनुसार, प्राइमरी मार्केट में उनकी खरीदारी और अधिक रही और यह 7,600 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई। एनएसई के प्रोविजनल डेटा से पता चलता है कि एफआईआई ने 15 अक्टूबर को अपनी खरीदारी का सिलसिला जारी रखा और 162 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। खरीदारी में यह नई दिलचस्पी प्रमुख बाजार सूचकांकों में लगातार बढ़ोतरी के साथ देखने को मिली है। अक्टूबर की शुरुआत से, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बीएसई मिडकैप सूचकांक 3.4 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 1.7 प्रतिशत बढ़ा है। फॉरन फंड फ्लो में अचानक बदलाव ने कई बाजार पर्यवेक्षकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। कुछ विश्लेषक इसे अल्पकालिक उछाल के रूप में देखते हैं, जबकि अन्य का मानना है कि यह कॉर्पोरेट आय की बेहतर संभावनाओं और भारत में स्थिर आर्थिक स्थितियों को दर्शाता है।

# एनसीएच पर हर महीने एक लाख से अधिक शिकायतें की जा रही दर्ज, प्लेटफॉर्म को लेकर मजबूत हो रहा उपभोक्ताओं का विश्वास

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर (एजेंसी)।** केंद्र के अनुसार, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष व्यावसायिक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी पहचान बनाई है। एनसीएच समय पर शिकायतों का निवारण कर उपभोक्ताओं, कंपनियों और अधिकारियों के बीच सहयोग को सुगम बनाता है। साथ ही, एनसीएच टेक्नोलॉजी का लाभ उठाकर व्यक्तियों को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं के बिना न्याय पाने में सक्षम बनाता है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने से हेल्पलाइन की पहुंच और दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। कॉल की संख्या दस गुना से भी अधिक बढ़ गई है। कॉल की संख्या दिसंबर 2015 में 12,553 से बढ़कर दिसंबर 2024 में 1,55,138 हो गई है। वहीं, मासिक शिकायत पंजीकरण की औसत संख्या




2017 में 37,062 से बढ़कर 2025 में 1,70,585 हो गई है।

इसी तरह, कन्वर्जेंस पार्टनर की संख्या 2017 में 263 से बढ़कर सितंबर, 2025 तक 1,142 कंपनियों तक पहुंच गई है। इससे समय पर शिकायत निवारण के लिए सहयोगी तंत्र मजबूत हुआ है। कन्वर्जेंस पहल के तहत, कंपनियां स्वैच्छिक और निःशुल्क आधार पर राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के साथ साझेदारी करती हैं ताकि ग्राहकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। शिकायतें तुरंत भेजी जाती हैं और कंपनियों से 30 दिनों के भीतर जवाब देने की अपेक्षा की जाती है।

सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, डिजिटल माध्यमों की शुरुआत के साथ, हेल्पलाइन पर लगभग 65 प्रतिशत उपभोक्ता शिकायतें ऑनलाइन और डिजिटल माध्यमों से दर्ज की जाती हैं। वॉट्सएप के माध्यम से शिकायत पंजीकरण में वृद्धि देखी गई है, जो मार्च 2023 में 3 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 में 20 प्रतिशत हो गई है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने जुलाई 2025 में 27 विभिन्न क्षेत्रों में 7,256 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान कर 2.72 करोड़ रुपए के कुल रिफंड की सुविधा प्रदान की। अप्रैल 2025 में 1079 उपभोक्ता शिकायतों के निपटारे के साथ 62 लाख रुपए के कुल रिफंड प्रदान किए गए थे। इसी तरह, जुलाई 2025 के लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र में रिफंड से संबंधित शिकायतों की सबसे बड़ी संख्या थी। इसमें 3,594 मामलों के परिणामस्वरूप 1.34 करोड़ रुपए का रिफंड हुआ। केंद्र के अनुसार, नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार 2025 के कार्यान्वयन के बाद से राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर 2 अक्टूबर 2025 तक जीएसटी मुद्दों से संबंधित 3,981 कॉल दर्ज की गई। इनमें से 31 प्रतिशत प्रश्न थे और 69 प्रतिशत औपचारिक शिकायतें थीं, जिन पर आगे की कार्रवाई के लिए विचार किया गया। कुल शिकायतों में से 1,992 शिकायतों को आगे की कार्रवाई के लिए सीबीआईसी को भेज दिया गया है, जबकि 761 शिकायतों को सीधे समाधान के लिए संबंधित कन्वर्जेंस पार्टनर कंपनियों को तत्काल भेज दिया गया है। **(इनपुट-आईएएनएस)**

### भारत-ब्राजील की संयुक्त घोषणा, मर्कोसुर-भारत व्यापार समझौते को और प्रगाढ बनाने के लिए सहमत

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर (एजेंसी)।** ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन दो दिनों के भारत दौरे पर पहुंचे हैं। ब्राजील के उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार और सेवा मंत्री गेराल्डो अल्कमिन गुरुवार को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। नई दिल्ली में बैठक के अवसर पर, केंद्रीय मंत्री ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, अपने मौजूदा अधिमान्य व्यापार समझौते को प्रगाढ़ करने में भारत और मर्कोसुर सदस्य देशों की रुचि का स्वागत किया। भारत और मर्कोसुर के बीच 17 जून 2003 को हस्ताक्षरित रूपरेखा समझौते को याद करते हुए, जिसका उद्देश्य संबंधों को मजबूत करना और विश्व व्यापार संगठन के नियमों और अनुशासनों के अनुरूप व्यापार के विस्तार को बढ़ावा देना था, उन्होंने इस बात पर सहमति व्यक्त की ङ्कसमझौते का विस्तार व्यापक होना चाहिए, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार के एक महत्वपूर्ण हिस्से को शुल्क वरीयताओं से लाभान्वित करना हो; इस पहल में अगला कदम पक्षों के बीच एक तकनीकी संवाद की स्थापना होना चाहिए, जिसमें विस्तार के दायरे को परिभाषित करने के उद्देश्य से, पीटीए के अनुच्छेद 23 के अंतर्गत गठित संयुक्त प्रशासन समिति की बैठक शीघ्र पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि पर आयोजित करना शामिल है; इसके अतिरिक्त, ब्राजील पक्ष ने संकेत दिया कि वह समझौते को पर्याप्त, तीव्र और पारस्परिक रूप से लाभकारी रूप से प्रगाढ बनाने के लिए अपने मर्कोसुर साझेदारों के साथ समन्वित तरीके से काम करेगा।

### आईएमएफ एशिया की विकास दर बढ़कर 4.5% होने का अनुमान, लेकिन अमेरिका-चीन तनाव सबसे बड़ा खतरा

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एशिया की आर्थिक वृद्धि दर के पूर्वानुमान को संशोधित कर बढ़ा दिया है। 2025 के लिए विकास दर अब 4.5 प्रतिशत अनुमानित की गई है, जो अप्रैल के अनुमान से 0.6 प्रतिशत अंक अधिक है। हालांकि, आईएमएफने चेतावनी दी है कि अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ा जोखिम बने हुए हैं।

इस संबंध में आईएमएफ के एशिया-प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, ÷एशिया वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से सबसे अधिक जुड़ा क्षेत्र है। अमेरिका-चीन जैसे बड़े देशों के बीच तनाव बढ़ने पर इसका प्रभाव यहां कई गुना अधिक पड़ता है।

**तकनीकी उछाल:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से प्रेरित निर्यात में तेजी ने दक्षिण कोरिया और जापान को फायदा पहुंचाया।

**वित्तीय सहारा:** कमजोर अमेरिकी डॉलर, सस्ते ऋण और बढ़ते शेयर बाजारों ने अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती दी।

**2024 से तुलना:** पिछले साल की 4.6 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले 2025 में थोड़ी कमी, जबकि 2026 में यह 4.1 प्रतिशत तक धीमी होने का अनुमान है। श्रीनिवासन ने बताया कि अप्रैल की तुलना में क्षेत्र उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन अमेरिकी टैरिफों का असर पहले से ही दिख रहा है।

चीन द्वारा रेयर अर्थ निर्यात पर नियंत्रण कड़े करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 नवंबर से चीनी सामानों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। आईएमएफ ने कहा कि ये संभावित टैरिफ उसके नवीनतम अनुमान में शामिल नहीं हैं। यदि लागू हुए।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

क्रमांक//तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 13/10/2025
रा.प्र.क्र......../ब-121/2025-26
ग्राम- मांढर ब. प.ह.नं. 13

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक अनिल कुमार धृतलहरे पिता लखन निवासी ग्राम मांढर ब. थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के पिता लखन पिता मत्तु धृतलहरे का (मृत्यु) दिनांक 05/07/1997 को ग्राम मांढर ब. में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 31/10/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार विमल कोशे के द्वारा प्रदत्त अधिकार व दिये गये निर्देश के अनुसार एवं की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पक्षकार विमल कोशे पिता लल्लू बी जाति-सतनामी निवासी - कृष्णा नगर वार्ड नं. 06, रेल्वे हॉस्पिटल के पीछे डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) के निवासी की माता कमलाबाई कोशे पति स्व. श्री लल्लू बी के आधिपत्य एवं स्वामित्व में ग्राम- बधियाटोला (वार्ड नं.06 कृष्णा नगर) स्थित खसरा नंबर 92/40 रकबा 0.05 हे. 1925 वर्गफुट भूमि बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री) की मूल प्रति भूलवश कहीं गुम हो गयी हैं। पतासाजी करने पर भी आज दिनांक तक मेरे पक्षकार विमल कोशे को नहीं मिल पाया है यह कि मेरे पक्षकार की माताश्री की मृत्यु के पश्चात् मेरे उक्त जमीन मेरे पक्षकार विमल कोशे के नाम पर नामांतरित हो चुका है। रजिस्ट्री की मूल प्रति गुम होने की शिकायत मेरे पक्षकार के द्वारा थाना- डोंगरगढ़ में दर्ज करायी गई थी। यह कि आम लोगों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी सज्जन व्यक्ति को रजिस्ट्री की मूल प्रति मिलने पर मेरे पक्षकार के मो.नं-94255-66902 पर सम्पर्क कर सहयोग प्रदान करे। उचित ईनाम दिया जायेगा।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**प्रवीण निर्मलकर**
**(अधिवक्ता)**
**जिला एवं सत्र न्यायालय**
**दुर्ग (छ.ग.)**
**मो.-96915-91146**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**दूरभाष 0788-2210876**

दुर्ग, दिनांक 11.10.2025

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 31.10.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 248/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग क्र. 01 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों एवं पुल-पुलियों में विशेष मरम्मत, एफ.डी.आर. एवं सड़क सुरक्षा कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 170.89 |
| 249/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग क्र. 02 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों में विशेष मरम्मत, एवं सड़क सुरक्षा कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 167.54 |
| 250/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग क्र. 01 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों विशेष मरम्मत कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 65.01 |
| 251/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग क्र. 02 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों एफ.डी.आर. कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 143.91 |
| 252/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग क्र. 02 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों में पुल-पुलियों में विशेष मरम्मत, कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 110.64 |
| 253/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग डोंगरगढ़ राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों में विशेष मरम्मत कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 183.96 |
| 254/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग डोंगरगढ़ राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों में विशेष मरम्मत एफ.डी.आर. कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 162.38 |
| 255/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग डोंगरगढ़ राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों पुल-पुलियों में विशेष मरम्मत, कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 17.19 |
| 256/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग डोंगरगढ़ राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों में सड़क सुरक्षा कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 128.48 |
| 257/दुर्ग(राज.)/2025 | उपसंभाग डोंगरगढ़ राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न समय-समय पर स्वीकृत मार्गों में विशेष मरम्मत, एवं सड़क सुरक्षा कार्य हेतु जोनल एजेन्सी | 183.37 |

टीपः-
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी-252604236/5

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग**




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26